दैनिक

कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष : 27, अंक : 253 पृष्ठ 12, रीवा

रविवार 01 मई 2025

मूल्य : 3.00 रुपए



देशभर में पैर पसार रहा कोरोना,24 घंटे में 685 नए मरीज, 4 की मौत... 3395 हुए एक्टिव केस

नई दिल्ली देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 31 मई को सुबह 8 बजे तक जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3395 हो गई है। बीते 24 घंटे में 685 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं, जबकि 1,435 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई। इसी बीच बड़ी चिंता की बात ये है कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 4 लोगों की मौत भी हुई है, जिनमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश से एक-एक मरीज शामिल है।

केरल में सबसे ज्यादा 727 मामले हैं। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी एक्टिव केस इन्हीं दो राज्यों में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल मृतक की संख्या 16 पहुंच गई है। गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। मेघालय में 7 महीने बाद कोविड के 2 मिले हैं।स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार राज्यों को अलर्ट मोड में रहने और टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दे रहा है। नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि हल्के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं और जरूरी सावधानियों का पालन करें। मिजोरम में 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, उस दौरान राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है।

हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा और जुर्माना, विधायकी गई

मऊ कोर्ट का फैसला लागू, विधानसभा अध्यक्ष जारी करेंगे सदस्यता रद्द होने का नोटिस

लखनऊउत्तर प्रदेश के मऊ सदर सीट से विधायक और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के नेता अब्बास अंसारी की विधायकी समाप्त कर दी गई है। मऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा हेट स्पीच मामले में उन्हें दो साल की सजा और ?3,000 का जुर्माना सुनाए जाने के तुरंत बाद यह कार्रवाई हुई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) डॉ. केपी सिंह की अदालत ने अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए यह फैसला सुनाया है। अदालत ने अब्बास अंसारी को भारतीय दंड संहिता की छह गंभीर धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। इन धाराओं में आपराधिक धमकी, चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी सेवक को धमकाना, समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना और आपराधिक साजिश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार सजा के बाद विधायकी स्वतः समाप्त

सुप्रीम कोर्ट के 2013 के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार, अगर किसी सांसद या विधायक को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है, तो उनकी सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है।

दिल्ली को जल्द मिलेगा नया राज्यपाल, मनोह सिन्हा की होगी पार्टी संगठन में वापसी

नई दिल्ली दिल्ली को जल्द ही एक नया उपराज्यपाल (एल-जी) मिलने की संभावना बन रही है। केंद्र कथित तौर पर राज्यपालों के पदों में फेरबदल पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के एलजी के लिए तीन नामों अजय भल्ला, राजेश खुल्लर और सी वी आनंद बोस के नाम प्रमुख है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के मौजूदा एलजी वीके सक्सेना को जम्मू-कश्मीर या बंगाल भेजा जा सकता है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा को कथित तौर पर पार्टी संगठन में लाने पर विचार कर रही है।

सीडीएस ने माना, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का लड़ाकू विमान भी नष्ट हुआ

नई दिल्ली। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान के एक के बाद एक दावों की पोल खुलने लगी। लेकिन इसके बीच पाकिस्तान द्वारा एक ऐसा दावा किया गया था, इसपर भारतीय पक्ष से अब तक कोई जवाब नहीं आया था। पाकिस्तान का दावा था कि भारत के पांच फाइटर जेट्स मार गिराए हैं। अब इसके जवाब में भारत ने पहली बार इसकी पुष्टि की है। उन्होंने स्वीकारा किया हैं कि भारत का लड़ाकू विमान भी इसमें नष्ट हुआ है। हालांकि सीडीएस अनिल चौहान ने बताया कि कभी भी परमाणु युद्ध की नौबत नहीं आई।

लालू प्रसाद यादव को झटका, दिल्ली उच्च न्यायालय से याचिका खारिज

पटना दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की उस याचिका को सिरे से खारिज किया है। जिसमें उन्होंने जमीन के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित कथित भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक की मांग की थी। इस घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी। आरजेडी सुप्रीमो लालू की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि मामले में प्राथमिकी व जांच कानूनसंगत नहीं है।

याचिका में तर्क दिया कि जब प्राथमिकी और जांच ही सही नहीं है, तब आरोपपत्र कानूनी रूप से कायम नहीं रह सकता। मामले में सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की पूर्व मंजूरी प्राप्त करने में विफल रही है। यह कानून की अनिवार्य आवश्यकता है।

दिल्ली में 4 जून तक आंधी के साथ जोरदार बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली देश की राजधानी दिल्ली में 4 जून तक आंधी के साथ जोरदार बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 1 और 2 जून को दिल्ली के साथ ही एनसीआर के इलाकों में आंधी और बारिश वाला मौसम रहेगा। तभी 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से हवाएं चलेंगी। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस देखा जा सकता है।

मौसम विभाग ने 3 और 4 जून को भी दिल्ली एनसीआर के इलाकों में आंधी और बारिश की चेतावनी दी है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को केंद्रित कर कहा-

नारी शक्ति को चुनौती देना आतंकियों के लिए बन गया काल

देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट किया लोकार्पित

भोपाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए मातृशक्ति को नमन किया और देवी अहिल्याबाई के योगदान को युगों तक याद रखने वाला बताया।

राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में संबोधन देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी और यही चुनौती उनके और उनके आकाओं के लिए काल बन गई। हमारी सेनाओं ने सैकड़ों किलोमीटर दूर जाकर दुश्मन के अड्डों को नष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन बन गया है। यहां पर पीएम मोदी ने देवी अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें भारत की सांस्कृतिक विरासत की सशक्त संरक्षक बताया। उन्होंने कहा, कि जब देश में संस्कृति और मंदिरों पर हमले हो रहे थे, तब अहिल्याबाई ने उन्हें संजोने का संकल्प लिया और सैकड़ों मंदिरों और तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण कराया। पीएम मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने महेश्वरी साड़ी उद्योग की नींव रखकर हजारों बुनकर परिवारों को रोज़गार दिया और गुजरात से हुनरमंद कारीगरों को लाकर इस कला को नया जीवन दिया। उन्होंने कहा, कि बहुत कम लोगों को पता है कि देवी अहिल्या हुनर की बड़ी पारखी थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अहिल्याबाई ने उस युग में नारी सुरक्षा टोलियों का गठन किया था, जब समाज में स्त्री अधिकारों की चर्चा भी दुर्लभ थी। उन्होंने बेटियों की शादी की उम्र, शिक्षा और अधिकारों को लेकर ठोस पहल की, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्या ने कपास और मसालों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, कि आज हम क्रॉप डायवर्सिफिकेशन की बात करते हैं, लेकिन अहिल्याबाई ने यह सोच तीन सौ साल पहले अपनाई थी। उन्होंने नहरों और तालाबों का निर्माण कर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया, जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि अहिल्याबाई ने शासन का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें गरीबों, वंचितों, आदिवासियों और श्रमिक वर्ग को प्राथमिकता दी गई। उनका गवर्नेंस मॉडल आज भी हमारे लिए आदर्श है। उन्होंने प्रभु सेवा और जन सेवा को कभी अलग नहीं माना। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में सुविधाओं को बढ़ाएंगे, विकास को गति देंगे और युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे। इस पवित्र दिवस पर विकास के इन सभी कार्यों के लिए मैं प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं।

पीएम की रैली में बंगाल सरकार के खिलाफ चलाया दुर्भावनापूर्णअभियान- ममता

कोलकाता, । पीएम नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि राजनीति से प्रेरित होकर उनकी सरकार के खिलाफ एक च्दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियानज्ज् चलाया गया। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में गुरुवार को एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने मुर्शिदाबाद दंगों और शिक्षक भर्ती घोटाले का हवाला दिया और दावा किया कि राज्य के लोग च्निर्मम सरकारज्ज् को हटाने के लिए बेताब हैं।

सीएम ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में राजनीति से प्रेरित होकर एक दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान चलाया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह एक ऐसा अभियान था, जिसके तहत अलीपुरद्वार जिले के लोगों के लिए हमारी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को कमतर बताने और मिटाने का प्रयास किया गया।

भारी बारिश और भूस्खलन ने पूर्वोत्तर में मचाई तबाही, 19 की मौत

12 हजार से अधिक लोग प्रभावित

नई दिल्ल । देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में लगातार भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 12 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं। मौसम विभाग ने सभी राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है।

मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंडस्लाइड के कारण पांच घर और एक होटल ढहने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। उधर सिक्किम में भारी बारिश के कारण थेंग और चुंगथांग इलाकों में लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे में दब गए। मेघालय में तेज बारिश से पूर्वी खासी हिल्स जिले में लैंडस्लाइड हुई। एक महिला की मौत हो गई। एक व्यक्ति पानी में डूब गया। मावकिनरू ब्लॉक में पेड़ के नीचे दबने से 15 साल के लडक़े की जान चली गई। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को बर्फबारी हुई। इसके चलते गुरेज-बांदीपुरा रोड और मुगल रोड पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। इसे देखते हुए स्थानीय लोगों और टूरिस्ट को एडवाइजरी जारी की गई है। मई में मानसून की दस्तक ने बारिश का नया रिकॉर्ड बना दिया है। देश में 30 मई तक 116.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है जो मई में सबसे अधिक बारिश का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 1990 का था, तब 110.7 मिमी बारिश हुई थी। सामान्य रूप से मई में औसतन 61.4 मिमी बारिश होती है।

एकजुट और मजबूत भारत का श्रेय संविधान को-गवई

प्रयागराज भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि देश पर जब भी संकट आया उसने मजबूती और एकजुटता के साथ उसका सामना किया और इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। यहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 680 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अधिवक्ता चौंबर भवन और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवई ने कहा कि न्यायपालिका का मौलिक कर्तव्य देश के उस आखिरी नागरिक तक पहुंचना है जिसे न्याय की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विधायिका और कार्यपालिका का भी यही कर्तव्य है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब भी संकट आया, भारत एकजुट और मजबूत रहा। इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लागू होने की 75 वर्ष की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है। कई ऐसे कानून लाए गए जिसमें जमीदार से जमीन लेकर भूमिहीन व्यक्तियों को दी गई। उन्होंने कहा कि समय समय पर इन कानूनों को चुनौती दी गई। 1973 से पहले उच्चतम न्यायालय का विचार था नीति निर्देशक सिद्धांत (डायरेक्टिव प्रिंसिपल) और मौलिक अधिकारों के बीच टकराव की स्थिति बनेगी तो मौलिक अधिकार ऊपर होगा।

सीजेआई गवई ने कहा कि 1973 में 13 न्यायाधीशों का निर्णय आया कि संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार है और इसके लिए वह मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, लेकिन उसके पास संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करने का अधिकार नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस पीठ ने यह भी कहा था कि मौलिक अधिकार और नीति निर्देशक सिद्धांत दोनों ही संविधान की आत्मा हैं। ये दोनों संविधान के स्वर्ण रथ के दो पहिए हैं जिसमें से यदि एक पहिया रोको तो पूरा रथ रुक जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि बार और बेंच एक सिक्के के दो पहलू हैं। जब तक बार और बेंच साथ मिलकर काम नहीं करते तब तक न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा कि आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूरे देश के लिए एक अच्छा आदर्श दिया है जिसमें बार के लिए (परिसर निर्माण हेतु) न्यायाधीशों ने 12 बंगले खाली कर दिए और अपने वकील भाइयों की सुविधा का ध्यान रखा।

उद्घाटन समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय भी मौजूद थे।

मौसम विभाग

कुल 2,17,396 नकली नोट पकड़े गए,

देश में 500 और 200 के नकली नोट के बढ़ने से चिंतित आरबीआई

नई दिल्ली देश में नकली करेंसी का खतरा फिर बढ़ रहा है, खासकर 500 और 200 के नोटों को लेकर चिंता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में सामने आया है कि 500 के नकली नोटों की संख्या में 37.3 प्रतिशत और 200 के नकली नोटों में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में कुल 2,17,396 नकली नोट पकड़े गए, जो कि बीते कुछ वर्षों की तुलना में काफी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, नकली नोटों का बड़ा हिस्सा निजी बैंकों द्वारा पकड़ा गया है, जबकि केवल 4.7 प्रतिशत नोट आरबीआई की निगरानी में आए हैं। यह दिखाता है कि नकली नोट आम बैंकिंग लेन-देन के जरिए बाजार में आ रहे हैं, जिससे आम जनता के लिए सतर्क रहने की जरूरत है।

500 के नकली नोटों की कुल संख्या 1,17,722 है,जबकि 200 के नकली नोट 32,660 पकड़े हैं। कुल नकली नोटों की संख्या 2022-23 के 2,25,769 से कुछ कम होकर 2024-25 में 2,17,396 रह गई है, लेकिन फिर भी चिंता का विषय है कि 500 और 200 के नोटों में नकली नोटों की संख्या में वृद्धि हुई है। नकली नोटों के इस बढ़ते प्रचलन को रोकने के लिए आम लोगों को खुद भी सतर्क रहना होगा और नोटों की जांच करने की आदत डालनी होगी।

असली 500 नोट की पहचान करने के लिए कुछ खास बातें ध्यान में रखनी होंगी, जैसे इसका रंग स्टोन ग्रे होता है, आकार 66 मिमी 3 150 मिमी है, और इसमें महात्मा गांधी की तस्वीर के साथ देवनागरी में च्500ज् लिखा होता है। सिक्योरिटी थ्रेड रंग बदलने वाला होता है जो हरे से नीले रंग में बदलता है। इसके अलावा नोट में गांधी जी की वॉटरमार्क छवि और च्500ज् अंकित होता है। नोट के पीछे लाल किले की तस्वीर होती है। वहीं 200 के नोट का रंग ब्राइट येलो है, आकार 66 मिमी 3146 मिमी है, और इसमें भी गांधी जी की तस्वीर के साथ देवनागरी में च्200ज् अंकित होता है। इसके पीछे सांची स्तूप की छवि और स्वच्छ भारत का लोगो मौजूद है। रिपोर्ट बताती हैं कि नकली नोट पकड़ने और इसके प्रसार को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाना बेहद जरुरी है। अगर किसी के पास शक के तहत नोट हो, तब उसे बैंक में जांच कराना ही सबसे सही कदम होगा। नकली नोटों से बचाव और पहचान के लिए यह जानकारी हर व्यक्ति के लिए जरूरी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के सीजफायर कराने वाले राग को भारत ने सिरे से किया खारिज

नई दिल्ली, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को पूर्ण संघर्षविराम, संभवतः परमाणु टकराव होने से रोका है। ट्रंप ने कहा कि हमने व्यापार पर बात की और हमने कहा कि हम उन लोगों के साथ व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं और संभावित रूप से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं। उनके पास में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क बैठे थे, जो ट्रंप प्रशासन में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के रूप में अपनी भूमिका से हट रहे हैं।

ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि जिस च्सौदेज्ज् पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है, वह भारत और पाकिस्तान के बीच च्संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापारज्ज् के जरिए से रोकने में सफल रहना है। ट्रंप ने पिछले कुछ हफ्तों में कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाया। उन्होंने कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरूवार को कहा था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार के मामले पर कोई चर्चा ही नहीं हुई है।

आरआईआर पावर का मुनाफा और राजस्व बढ़ा

मुंबई। देश की प्रमुख पावर सेमीकंडक्टर निर्माता आरआईआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 22.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 26.46 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 21.57 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस अवधि में कंपनी का मुनाफा 2.58 करोड़ रुपये रहा जबकि ईबीआईटीडीए 3.33 करोड़ रुपये रहा।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त सप्ताह में 6.99 अरब डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया। इसके पहले 16 मई को समाप्त हुए सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 अरब डॉलर घटकर 685.73 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

चीन ?फिर पाकिस्तान को देगा 3.7 अरब डॉलर का कर्ज

नई दिल्ली। पाकिस्तान की जर्जर आर्थिक स्थिति को देखते हुए चीन ने फिर से राहत का हाथ बढ़ा दिया है। चीन ने पाकिस्तान को 316 अरब रुपए (करीब 3.7 अरब डॉलर) का एक नया कर्ज देने का भरोसा दिया है। इस सहायता से पाकिस्तान की विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिलने की उम्मीद है। चीन ने इस बार यह कर्ज चीनी युआन में देने का ऐलान किया है, जिसे चीन की निर्भरता कम करने का हिस्सा माना जा रहा है।

ट्रंप ने स्टील और एल्यूमिनियम पर टैरिफ दोगुना किया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया के एक स्टील प्लांट में वर्कर्स को संबोधित करते हुए स्टील और एल्यूमिनियम पर टैरिफ दोगुना करने की घोषणा की। इन दोनों मेटल्स पर टैरिफ 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया जाएगा, बढ़ी हुई दरें अगले हफ्ते से प्रभावी होंगी।

पब्लिक प्रोविडेंट फंड सुरक्षित और लाभकारी विकल्प

नई दिल्ली। शेयर बाजार के लगातार उतार-चढ़ाव के बीच लोग अब पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) को एक मजबूत और लाभकारी निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। पीपीएफ एक ऐसा निवेश है जो सरकार की गारंटी के साथ आपको स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न देता है। जबकि स्टॉक्स और म्यूचुअल फंड में जोखिम होता है, पीपीएफ आपके पैसे की सुरक्षा और बढ़ती हुई राशि का विश्वास दिलाता है।

दुनिया के विमानन कंपनियों के दिग्गज दिखाई देंगे एक मंच पर

दिल्ली में 42 साल बाद होगी आईएटीए की बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली में 40 से ज्यादा वर्षों के बाद इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की 81वीं सालाना आम बैठक का आयोजन होगा। बताया जा रहा है कि 1 जून से आरंभ हो रहे तीन दिन के इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर सकते हैं। आईएटीए की इस बैठक में लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों, विमान निर्माताओं और विमानन क्षेत्र से जुड़ी अन्य कंपनियों के प्रमुख और शीर्ष अधिकारी शामिल होते हैं। इसमें वैश्विक विमानन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाता है, इसीलिए विमानन उद्योग के लिए साल का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम माना जाता है। दुनिया की 350 से अधिक विमानन कंपनियां आईएटीए की सदस्य हैं और विमानन यातायात में उनकी 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। आईएटीए ने कहा है कि इन कंपनियों के मुख्य कार्य अधिकारियों (सीईओ), सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों समेत करीब 1,700 प्रतिभागी दिल्ली में हो रहे सम्मेलन में शिरकत कर सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो इस बैठक की मेजबान है। इससे पहले भारत में यह बैठक 1983 में हुई थी। आईएटीए के महानिदेशक ने कहा कि पिछले एक दशक में वैश्विक विमानन क्षेत्र में भारत का कद काफी बदला है। देश में रिकॉर्ड संख्या में विमानों के ऑर्डर दिए गए हैं, जोरदार वृद्धि हुई है और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार हुआ है।' भारतीय विमानन उद्योग में 3,69,700 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका 5.6 अरब डॉलर का योगदान है। अप्रत्यक्ष रोजगार, विमानन के कारण मिलने वाले रोजकार और पर्यटन को जोड़ दें तो इस क्षेत्र से करीब 77 लाख नौकरी मिली हैं और जीडीपी में इसका योगदान 53.6 अरब डॉलर तक पहुंच जाता है, जो देश के कुल जीडीपी का 1.5 फीसदी है। देश के हवाई यात्रा बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय विमानन कंपनियों ने साल 2023 से विमानों के कई बड़े ऑर्डर दिए हैं। फरवरी 2023 में टाटा के स्वामित्व वाले एयर इंडिया समूह ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया था। समूह ने एयरबस को 250 विमानों और अमेरिकी हवाई जहाज कंपनी बोइंग को 220 विमानों को ऑर्डर दिया था। उसके चार महीने बाद जून में इंडिगो ने दुनिया का सबसे बड़ा विमान ठेका दे डाला। उसने एयरबस को 500 ए320नियो फैमिली विमानों का ठेका दिया।

इफको ने इस साल 365.09 लाख बोतल नैनो उर्वरकों की बेची, बनाया कीर्तिमान

-इफको जल्द नैनो जिंक, नैनो कॉपर और ग्रेन्युलर नैनो उत्पाद करेगा लॉन्च

नई दिल्ली। भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक और कीर्तिमान बनाते हुए 3,811 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। यह लगातार तीसरा साल है जब इफको ने 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का लाभ दर्ज किया है। इस साल नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें इफको नैनो डीएपी की बिक्री में 118 फीसदी अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

इफको ने इस साल कुल 365.09 लाख बोतल नैनो उर्वरकों की बेची, जो पिछले साल के 248.95 लाख बोतलों की तुलना में बड़ी वृद्धि है। नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी के उपयोग से न केवल किसानों को लाभ हुआ, बल्कि इससे परंपरागत उर्वरकों की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि सहकार से समृद्धि का सपना इफको के प्रदर्शन के जरिए से साकार हो रहा है। इफको ने 23 सालों से लगातार 20 फीसदी लाभांश देकर अपने सदस्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित की है। इफको जल्द ही नैनो जिंक, नैनो कॉपर और ग्रेन्युलर नैनो एनपीके जैसे अत्याधुनिक उत्पादों को लॉन्च करेगा, जिससे कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ पोषण संतुलन भी सुनिश्चित होगा। यह पहल कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों जैसे ड्रोन, एआई और नैनो प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला को पूरी तरह से परिवर्तित कर रही है। इफको ने देशभर में 203 मॉडल नैनो गांव परियोजनाएं शुरू की हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों की खपत में 28.73 फीसदी की कमी और फसल उत्पादकता में 5.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इफको अब इस परियोजना को कार्बन क्रेडिट प्रमाणन से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। संस्था के प्रबंध निदेशक को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रोचडेल पायनियर अवॉर्ड 2024 और भारत के उर्वरक पुरुष जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

देश का आतिथ्य सेवा उद्योग चमका, पहली तिमाही में जोरदार कमाई की

- बेंगलूरु में राजस्व में सबसे ज्यादा 38.3 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई

नई दिल्ली। देश का आतिथ्य सेवा उद्योग की चमक बढ़ रही है क्योंकि साल की पहली तिमाही में होटलों को कमरों से ज्यादा आय हा?सिल हुई है। बेंगलूरु में कमरों का किराए में सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई है और इस दौरान देश भर में होटलों में लगभग 9,500 कमरे भी जुड़े हैं। एक संपत्ति सलाहकार फर्म के अनुसार होटल उद्योग को जनवरी-मार्च 2024 की तुलना में इस बार जनवरी-मार्च तिमाही में प्रत्येक उपलब्ध कमरे से 16.3 फीसदी अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें 2024 की चौथी तिमाही की तुलना में भी 8 फीसदी इजाफा हुआ। बेंगलूरु में इस राजस्व में सबसे ज्यादा 38.3 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई, जो एरो इंडिया 2025 के आयोजन का नतीजा थी। दिल्ली में किराया 26.2 फीसदी तथा मुंबई में 21.3 फीसदी बढ़ा, जबकि चेन्नई में 18.7 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई। हैदराबाद में कमरों की बुकिंग थोड़ी घटी मगर औसत दैनिक किराय बढ़ने के कारण प्रति कमरा राजस्व 15.1 फीसदी बढ़ गया। आंकड़े बताते हैं कि पहली तिमाही में महाराष्ट्र में 836 कमरों के साथ सबसे अधिक ब्रांडेड होटल खोले गए, जबकि कर्नाटक में 1,352 कमरों के साथ सबसे अधिक ब्रांडेड होटल खोलने के करार हुए। तिमाही के दौरान 9,478 कमरे वाले 79 होटलों के लिए करार हुए। ये 3,253 कमरे वाले उन 31 ब्रांडेड होटलों के अलावा थे, जो खुल चुके हैं। अपस्केल और मिडस्केल सेगमेंट में सबसे अधिक होटल खुले और खोलने के करार हुए।

पॉपुलर हैचबैक टाटा अल्ट्रॉज के फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स ने अपनी पॉपुलर हैचबैक टाटा अल्ट्रॉज के फेसलिफ्ट वर्जन को लॉन्च कर दिया है। इस फेसलिफ्ट वर्जन में एक्सटीरियर को रिफ्रेश किया गया है। फ्रंट एंड में डे-टाइम रनिंग लाइट्स, फुल-एलईडी स्प्लिट हेडलाइट्स, नया ग्रिल और नया बम्पर डिजाइन दिया गया है। इसके अलावा, फ्लश-फिटिंग इल्यूमिनेटेड डोर हैंडल और नए 16-इंच के 5-स्पोक अलॉय व्हील्स कार को और प्रीमियम बनाते हैं।

इंटीरियर की बात करें तो कार में क्लीन डैशबोर्ड के साथ 10.25-इंच का ऑल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है। साथ ही इलेक्ट्रिक सनरूफ, क्रूज़ कंट्रोल, ऑटोमैटिक एसी कंट्रोल, रियर एसी वेंट्स, एम्बिएंट लाइटिंग और 360-डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स भी शामिल हैं। पावरट्रेन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अल्ट्रॉज फेसलिफ्ट में वही 1.2-लीटर पेट्रोल, 1.5-लीटर डीजल और सीएनजी इंजन विकल्प दिए गए हैं। अल्ट्रॉज अब भी देश की इकलौती हैचबैक है जिसे ग्लोबल एनसीएपी से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। कंपनी ने फेसलिफ्ट मॉडल में 6 एयरबैग्स को स्टैंडर्ड बना कर इसे और सुरक्षित बना दिया है। अल्ट्रॉज फेसलिफ्ट का मुकाबला अब हयूदै आई20, मारुति बलेनो और टोयोटा ग्लांझा जैसी प्रीमियम हैचबैक से होगा। नई अल्ट्रॉज को आकर्षक लुक और एडवांस फीचर्स के साथ 6.89 लाख रुपये की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत पर उतारा गया है, जबकि इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 11.49 लाख रुपये तक जाती है।

2 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं निसान मैग्नाइट की

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में निसान इंडिया की सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी मैग्नाइट ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस कार की अब तक 2 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी है। हाल ही में कंपनी ने इसका सीएनजी वर्जन लॉन्च करते हुए इस मौके को और भी खास बना दिया है। अक्टूबर 2024 में फेसलिफ्ट के बाद आई नई मैग्नाइट में कई आधुनिक फीचर्स जोड़े गए हैं।

नई मैग्नाइट की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.14 लाख रुपये है। वहीं, रेट्रोफिटेड सीएनजी विकल्प इसके मानक पेट्रोल मॉडल की तुलना में करीब 75,000 रुपये महंगा है। कार में वायरलेस चार्जर, अराउंड व्यू मॉनिटर, आई-की, वॉक अवे लॉक और 60 मीटर दूर से रिमोट इंजन स्टार्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा क्लीन एयर के लिए एडवांस एयर फिल्टर और ऑटो डिम फ्रेमलेस आईआरवीएम इसे प्रीमियम फील देते हैं। मैग्नाइट में 1.0-लीटर नैचुरली ऐस्पिरेटेड पेट्रोल और 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के विकल्प मिलते हैं।

इनमें से पहला इंजन 71 बीएचपी की पावर और 96 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है, जो 5-स्पीड एमटी और एएमटी के साथ आता है। वहीं टर्बो इंजन 6-स्पीड एमटी और सीवीटी ट्रांसमिशन विकल्प के साथ उपलब्ध है। कार में 6 एयरबैग्स, हीट इंसुलेशन कोटेड सीट्स, 360 डिग्री लेदर टच, 4 एम्बिएंट लाइटिंग और 540 लीटर का बूट स्पेस जैसी खूबियां इसे अपने सेगमेंट में एक खास पहचान देती हैं।

शेयर बाजार में दो दिन तेजी, तीन दिन गिरावट रही

- सेंसेक्स 182 अंक की गिरावट के साथ 81,451 पर बंद

- निफ्टी 82 अंक गिरकर 24,750.70 पर बंद

मुंबई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखने को मिला। शेयर बाजार में सप्ताह में दो दिन बढ़त और तीन दिन गिरावट पर कारोबार हुआ। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिकी अपील अदालत की ओर से पारस्परिक शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल करने के बाद व्यापार अनिश्चितता फिर बढ़ गई। बीते सप्ताह शेयर बाजार का पांच दिन का कारोबार इस प्रकार रहा- भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मजबूती के साथ खुले। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 200 से ज्यादा अंक चढकर 81,928.95 पर खुला और 455 अंक चढ़कर 82,176 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,919.35 पर खुला और 148 अंक की तेजी रही, ये 25,001 के स्तर पर बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और इन्फोसिस जैसी भारी भरकम शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 100 अंक से ऊपर की गिरावट लेकर 82,038.20 पर खुला और 624.82 अंक की गिरावट के साथ 81,551.63 पर बंद हुआ! नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,956.65 पर खुला और 174.95 अंक की गिरावट के साथ 24,826.20 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,457 पर खुला और 239 अंक की गिरावट के साथ 81,312 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी-50 24,832 अंक पर लगभग फ्लैट खुला और 73 अंक की गिरावट रही, ये 24,752 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक चढकर 81,591.03 पर खुला और 320.70 अंक चढ़कर 81,633.02 पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,825.10 पर खुला और 81.15 अंक बढ़कर 24,833.60 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 219 अंक गिरकर 81,414.02 पर खुला और 182.01 अंक की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ।

एसयूवी700 ने किया 2.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में महिंद्रा की प्रीमियम एसयूवी एक्सयूवी700 की मांग बढ़ती जा रही है। वित्त वर्ष 2025 की शुरुआत में इस मॉडल ने 2.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। मई 2025 में एक्सयूवी700 के पेट्रोल और डीजल दोनों वैरिएंट्स पर अधिकतम 1 महीने का वेटिंग पीरियड है। मार्च 2025 में कई वेरिएंट्स पर सिर्फ 2 हफ्ते का वेटिंग टाइम था, लेकिन अब यह लगभग सभी मॉडल्स के लिए एक समान रूप से बढ़ा है। हालांकि, कुछ खास वेरिएंट्स जैसे ईएसपी फीचर, 6-सीटर लेआउट या डुअल-टोन एक्सटीरियर वाले मॉडलों के लिए कोई तय वेटिंग टाइम नहीं बताया गया है। महिंद्रा ने हाल ही में एक्सयूवी700 का एबोनी एडिशन लॉन्च किया है, जो इस फ्लैगशिप आईसीई एसयूवी का अंतिम अपडेट माना जा रहा है। एक्सयूवी700 दो इंजन विकल्पों के साथ आती है 200एचपी की ताकत देने वाला 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन और 155एचपी व 185एचपी ट्यूनिंग के साथ 2.2-लीटर डीजल इंजन। दोनों इंजन में मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प मौजूद हैं। एक्सयूवी700 की कीमत फिलहाल रुपए 14.49 लाख से रुपए 25.14 लाख (एक्स-शोरूम) के बीच है। यह एसयूवी बाज़ार में एमजी हेक्टर, हयूदै अल्काझार, टाटा सफारी और टाटा हेरियर जैसे प्रतिस्पर्धियों को कड़ी टक्कर देती है।

पाकिस्तान को आईएमएफ से मिले कर्ज पर भारत ने जताई चिंता

- भारत के लिए बहुपक्षीय संस्थान हमेशा तटस्थ नहीं रहे

नई दिल्ली। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.4 अरब डॉलर का ऋण दिया गया जिसको लेकर भारत में चिंता एवं निराशा जताई जा रही है। यह राशि पाकिस्तान को ऐसे समय में मिली जब भारत के साथ उसकी सैन्य झड़प हो रही थी। बाद में आईएमएफ ने एक पूरक टिप्पणी में यह माना कि इस रकम का बेजा इस्तेमाल होने या ऐसा प्रतीत होने पर उसकी छवि को झटका लग सकता है। हालांकि, आईएमएफ की तरफ से यह भी कहा गया कि 'हाल के घटनाक्रम स्थिति की समीक्षा को प्रभावित नहीं करते हैं। आईएमएफ के कदम से कई सवाल खड़े हुए हैं। पहला सवाल तो यह है कि तटस्थ रहने के लिए प्रतिबद्ध कोई बहुपक्षीय संस्था अपने दो सदस्य देशों के बीच युद्ध के दौरान ऐसा कदम क्यों उठाएगा? इससे भी महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि भारत भविष्य में ऐसे कदमों की पुनरावृत्ति कैसे रोक सकता है? एक असहज करने वाली वास्तविकता यह है कि बहुपक्षीय संस्थान हमेशा तटस्थ नहीं रहे हैं। शीत युद्ध के दौरान ये बहुपक्षीय संस्थान प्रायः दबदबा रखने वाले खासकर पश्चिमी देशों के हितों को अधिक तवज्जो दे रहे थे। बहुपक्षीय प्रणाली में सबसे बड़े दाता देश अमेरिका ने अक्सर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर वित्तीय सहायता की दिशा अपने मित्र एवं सहयोगी देशों की तरफ मोड़ दी जबकि प्रतिद्वंद्वी देशों को इससे महरूम रखा। वर्ष 1994 में आईएमएफ ने मेक्सिको को 18 अरब डॉलर ऋण दिए जिनका इस्तेमाल अमेरिकी निवेशकों की रक्षा के लिए किया गया। वर्ष

इंडिगो को टर्की के समर्थन के दौरान लीज समझौते में समाप्ति का निर्देश

- इंडिगो ने टर्की की सेलेबी एविएशन के साथ दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे थे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इंडिगो एयरलाइन को टर्की के समर्थन के दौरान लीज समझौते को तीन महीने के भीतर खत्म करने का निर्देश दिया। इंडिगो ने टर्की की सेलेबी एविएशन के साथ दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसे 31 अगस्त तक का विस्तार किया है ताकि यात्रियों को असुविधा से बचाया जा सके। मंत्रालय ने दिखाया कि यह अनुमति अंतिम है और इंडिगो को इन विमानों का परिचालन नियामक ढांचे की पूरी तरह से अनुपालन करने की आवश्यकता है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की के पाकिस्तान के साथ खड़े होने के बाद केंद्र ने 15 मई को तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा था, तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। मौजूदा हालात को देखते हुए यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश में सेलेबी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद तुर्की ने पाकिस्तान के साथ एकजुटता व्यक्त की थी। भारत द्वारा पड़ोसी देश में प्रमुख आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले में तुर्की के ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि एयरलाइन टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए विमानों के साथ अपने परिचालन को नियंत्रित करने वाले सभी नियामक ढांचे का पूरी तरह से अनुपालन कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इन पट्टों के नवीनीकरण का निर्णय केंद्र सरकार करेगी।

विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर महाविद्यालय मड़वास में कार्यक्रम आयोजित

सीधी प्रतिवर्ष 31 मई को पूरी दुनिया मे तम्बाखू व तम्बाखू के उत्पाद के दुष्परिणामो के बारे में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से ''विश्व तम्बाखू निषेध दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी.अ प्रजापति ने तम्बाखू से होने वाले विभिन्न रोगों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में तम्बाखू खाना सीधी जिले की एक परंपरा बन गई थी जिसे रोकने के लिए शिक्षित होना प्रभावशील दिखाई दे रहा है।

सतना से 19 सीटर विमान भरेगा उड़ान

सतना एयरपोर्ट से अभी 19 सीटर विमान उड़ान भरने वाले हैं। इससे सतना के साथ.साथ आस.पास के जिलों जैसे पन्नाए मैहरए चित्रकूट और सीधी के लोगों को सीधा फायदा होगा। पहले इन क्षेत्रों के यात्रियों को लंबी दूरी सड़क या रेल से तय करनी पड़ती थीए लेकिन अब वे तेज और सुविधाजनक हवाई सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए हवाई यात्रा का सपना होगा सच'

करीब 37 करोड़ रुपए की लागत से बने इस आधुनिक एयरपोर्ट से अब सतना और पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए हवाई यात्रा का सपना सच होने वाला है। यहां 1200 मीटर लंबा रनवे तैयार किया गया है। 19 सीटर विमानों के लिए संचालन योग्य बनाया गया है। यह 750 वर्ग मीटर में बनाया गया हैए जिसमें 100 यात्रियों की क्षमता है।

तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई

सीधी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे अध्यक्षता मे सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई शपथ का वाचन डॉ स्वाती सिंह नोडल अधिकारी द्वारा किया गया जिसमे बताया गया कि हमें अपने घर और अपने कार्यस्थल को तम्बाकू मुक्त रखने एवं समाज को भी ऐसा करने के लिये प्रेरित करना है।

हनुमानगढ़ में विकसित कृषि संकल्प यात्रा में सांसद ने की सहभागिता

सीधी किसानों को कृषि की नवीन तकनीकी से अवगत कराने तथा कृषि के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य के साथ जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के रामपुर नैकिन विकासखंड के हनुमानगढ़ में आयोजित शिविर में सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा सहभागिता की गई। सांसद डॉ मिश्रा ने कृषि में उन्नत तकनीक को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया।

तम्बाकू निषेध दिवस पर बच्चों को दिलाई गई शपथ

सिंगरौली कीर्ति प्रभा आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विवा क्लब विंध्यनगर के समर कैम्प में बच्चों से नशा मुक्ति के बारे में बात की तथा शपथ दिलाई और टी शर्ट भी वितरित की विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्र.छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और अपने.अपने अभिभावकों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे।

महीनों से खराब हैंडपंपों का नहीं हो रहा सुधारए

सेमरिया। चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों समूचे जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से तमाम तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं। इसी बीच जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खड्डी अंचलों में लगे हैंडपंपों के खराब होने सेरहवासियों की समस्या और बढ़ गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण

सतना को मिली हवाई उडान की सुविधा, विकास को मिलेगी रफ्तार

उडान योजना अगले दस वर्शों तक क्रियान्वित रहेगी-केन्द्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल

विकसित भारत बनने तक देष में होंगे 400 हवाई अड्डे

सतना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्बूरी मैदान भोपाल में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। सतना को हवाई उडान की सुविधा मिलने से क्षेत्र के औद्योगिक विकास, पर्यटन, चिकित्सा एवं आर्थिक समृद्धि को बढावा मिलेगा। सतना एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर सतना में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के नागरिक उडड्यन एवं विमानन राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उडान योजना के माध्यम से आने वाले समय में हवाई अड्डों की संख्या 200 तक बढाई जायेगी और विकसित भारत बनने तक देश में कुल हवाई अड्डों की संख्या 400 के लगभग हो जायेगी। उन्होंने कहा कि उडान योजना अगले 10 साल तक क्रियान्वित रहेगी। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के सतना और दतिया धार्मिक महत्व के शहर को प्रधानमंत्री ने हवाई उडान की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह वर्ष महिला सशक्तीकरण को समर्पित किया गया है। इस मौके पर सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, मेम्बर ऑफ प्लानिंग कमेटी अनिल कुमार गुप्ता, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना भी मंचासीन रहे। सतना के नवनिर्मित एयरपोर्ट में आयोजित स्थानीय लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

साहित्य संस्कृति तथा लोककला के उत्थान हेतु सोमालोब साधनारत : विश्वामित्र

सोमालोब का पुस्तक विमोचन समारोह संपन्न

सिंगरौली कीर्ति प्रभा बघेली लोककलाओं यथा लोकगीतए लोकनाट्य एलोकनृत्य एवं संस्कृति और साहित्य के उन्नयन हेतु सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच सीधी अनवरत साधनारत है । सोमालोब साहित्यिक मंच लोक.संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संकल्पित है । उक्त आशय का अध्यक्षीय उद्बोधन सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक जी ने 30 मई 2025 को सोमालोब के तत्वावधान एवं डॉ श्रीनिवास शुक्ल सी सरस के मार्गदर्शन में आयोजित रमाकांत द्विवेदी श्सावनश् के पुस्तक श्देखा बोलि देब हम श् के विमोचन समारोह में दिया । सावन जी की काव्यकृति का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदुरु परमहंस आचार्य अयोध्याधाम ने कहा कि बघेली बोली की यह पुस्तक बघेलखण्ड के लिए एक धरोहर है । साथ ही उन्होंने साहित्यकारों एवं कवियों को संस्कृति के प्रहरी की संज्ञा दी । समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए सोमालोब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस जी ने पुस्तक के शीर्षक को कालजयी कहते हुए बताया कि कैसे शीर्षक अपने आप में एक संदेश है । तदोपरांत कृतिकार रमाकांत द्विवेदी सावन जी ने विमोचित कृति से काव्यपाठ किया जो श्रोताओं द्वारा सराहा गया । विषय प्रवर्तन करते हुए डॉण्महेश शुक्ला जी प्राध्यापक टी आर एस कॉलेज रीवा ने काव्यकृति में समाजिक विद्रूपताओं पर तीखे व्यंग्यों पर प्रकाश डाला साथ ही अपने वक्तव्य में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्री अशोक शुक्ला जी ने कृतिकार को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता श्री आशुतोष द्विवेदी ने अपने विचार रखे और कृति से ही गीत पढ़ा एवं अंजनी सिंह सौरभ जी ने भी अपने गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में विद्यापति द्विवेदी जी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय है ।प्राचार्य राजकुमार के निर्देशन में सरस्वती स्कुल की छात्रा अनुष्का आशिका एवं किरण द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

परमात्मां की प्राप्ति में आयु की कोई बाधा नहीं होती :प्रपन्नाचार्य

मैहर। संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन विवेकनगर मैहर में अमृतलाल तिवारी एवं श्यामकली तिवारी के द्वारा देवप्रवर प्रपन्नाचार्य जी महाराज पुरानी लंका चित्रकूट धाम के अमृतमई वचनो से भक्तजनों को श्रवण कराई जा रही है। शनिवार की कथा में कपिलोपाख्यान, ध्रुव एवं प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई। व्यास जी ने बताया कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव को अपने जीवन में कठिन परीक्षाओं का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने भगवान का नाम कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि ईश्वर प्राप्ति में आयु कोई बाधा नहीं है जिसका प्रमाण है कि बाल भक्त ध्रुव को अल्पायु में ही भगवान के दर्शन प्राप्त हुए। व्यास जी ने परमात्मा प्राप्ति के दो मार्ग बताए सद्मार्ग जिसे भक्त प्रह्लाद ने अपनाया और असद मार्ग जिससे हिरण्यकश्यप को मोक्ष मिला। उन्होंने श्रोताओं को समझाया कि जीवन की वास्तविकता को समझते हुए हर पल सत्कर्म और भगवान का भजन करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य यजमान ने व्यास पीठ की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी रामनिवास उरमलिया, रमापति गौतम, रविनंदन मिश्रा, पीएल द्विवेदी, प्रेमलाल तिवारी एवं राजमणि पाण्डेय सहित काफी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही।

नगर परिषद के हुए प्रभारी सीएमओ संभाला पदभार

मध्यप्रदेश शासन के मंशानुरूप निकायों में कार्य की प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके इसके सीएमओ के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रदेश के अधिकतर निकाय में सहायक निरीक्षकों को भी सीएमओ का पदभार देते हुए नगर विकास में भूमिका प्रदान किया गया है। वहीं अनूपपुर जिले के अंतिम छोर नगर परिषद डोला का पदभार भी नगरपालिका बिजुरी में सेवा देते सहायक राजस्व निरीक्षक लखन पनिका को विभाग द्वारा प्रभारी सीएमओ के रुप में आगामी आदेश आने तक सौंपा गया है जिन्होंने नगर परिषद डोला का अपना पदभार संभाल लिया है। लखन पनिका नगरपालिका बिजुरी में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद में रहकर अपना कार्य पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किए और हमेशा शासन एवं जनकल्याण हित में अपनी सेवाएं दीं साथ ही लोगों के बीच वह अपने कार्य कुशलता से काफी चर्चित हैं जिनकी प्रशंसा भी नगर के लोगों की चर्चा में सुना जा सकता है। वहीं नगर डोला के लोगों में भी लखन पनिका के सीएमओ प्रभार मिलने से बड़ा हर्ष है।

सीटू स्थापना दिवस पर मझिगवां में फहराया गया झंडा

सीधी। सीटू संगठन की स्थापना दिवस पर श्रमिक कार्यालय मझिगवां में झंडा फहराया गया। इस दौरान अध्यक्ष तेजप्रताप दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सीटू संगठन की स्थापना 30 मई 1970 को हुई थी। हमारे देश में मजदूरों के बहुत से संगठन बने होने के बावजूद जब 1970 में सीटू की स्थापना की गई तो बहुत से लोगों द्वारा सीटू के संस्थापक नेताओं का विरोध भी किया गया था। यह कहते हुए कि बहुत सारे संगठनों के बावजूद नये संगठन खडे होने से मजदूरों की ताकत कमजोर होगी। आज देश के पैमाने पर सीटू संगठन ने साबित कर दिखाया कि मजदूरों की समस्याओं को सबसे ज्यादा उठाने एवं उनके लिए लडने वाला अगर कोई संगठन साबित हुआ है तो वह संगठन सीटू ही है। इकाई के अध्यक्ष तेज प्रताप दुबे ने कहा कि सीटू संगठन की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी। हमें बताते हुए खुशी है कि उनको पूरा किया है। आने वाला समय मजदूरए किसानए कर्मचारी के लिए बहुत ही खतरनाक साबित होने वाला है। पूंजीवादी सरकारें अपने पूंजीपति आकाओं को खुश करने के लिए एक बार फिर मेहनतकश अवाम को गुलामी की ओर धकेलने का प्रयास कर रही हैं। किसान को अपनी उपज का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। मजदूर कर्मचारियों द्वारा लडकर जो अधिकार हासिल किये थे वर्तमान सरकारें उनको खत्म कर काम के आठ घंटे को बारह घंटे करने के लिए प्रयासरत है।

ट्रक की चपेट में आया मिनी ट्रक और ऑटो शहर के बाईपास में हुआ भीषण सडक हादसा

सीधी शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 बाईपास में आज सुबह करीब 5रू30 बजे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक की चपेट में मिनी ट्रक एवं ऑटो रिक्शा के आने से दोनो वाहनों के चालकों की मौत हो गई। हादसे के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर ही पलट गया था।

बाद में पुलिस द्वारा क्रेन बुलाकर ट्रक को हटाते हुए ऑटो में फंसे ड्राइवर को बाहर लहूलुहान हालत में निकाला गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर घटना स्थल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जमोड़ी पुलिस को मौके पर ही मिनी ट्रक ड्राइवर अभिषेक अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी रायसेन मध्य प्रदेश मृत मिला। वहीं गंभीर रूप से घायल ऑटो ड्राइवर बिजेन्द्र वर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम महसुआए थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने ऑटो ड्रायवर को भी मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 8469 का चालक काफी तेज रफ्तार से जा रहा था। वहीं बाईपास में एकता फर्नीचर के समीप सामने से आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 2447 तथा ऑटो क्रमांक एमपी 17 जेडएम 1311 को ट्रक द्वारा ठोकर मार दिया गया। काफी तेज रफ्तार में हादसा होने के कारण तीनो वाहन घटनास्थल में पलट गए। मिनी ट्रक चालक अभिषेक अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं रीवा की ओर से पात गोभी लोड कर सीधी थोक सब्जी मंडी जा रहा ऑटो चालक बिजेन्द्र वर्मा भी गंभीर रूप से चोंटिल हो गया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती के अवसर पर 6 महिलाओं का सम्मान

सतना सतना एयरपोर्ट पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम में केन्द्रीय विमानन राज्यमंत्री श्री मुरलीधर मोहोल और कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने सतना जिले की विभिन्न की सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य के लिए 6 महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें नागौद जनपद की सितपुरा निवासी सुश्री नीतू सिंह को स्व सहायता समूह के माध्यम से 500 से भी अधिक महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देने, सोहावल विकासखण्ड की करही कोठार गांव की श्रीमती कमला चौधरी को बैंक सखी के रूप में कार्य करने तथा महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने, रामपुर बघेलान की खैरा निवासी श्रीमती आशा अहिरवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 स्व-सहायता समूह को 1 करोड 93 लाख की राशि बैंक के माध्यम से दिलाने के उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से उचेहरा विकासखण्ड की गडौली निवासी अर्चना दुबे को आचार, बडी, पापड, मुरब्बा, बर्फी का स्वरोजगार शुरू कर अन्य महिलाओं को रोजगार देने, नागौद विकासखण्ड की सरपंच जसो निशा कुशवाहा को स्वच्छ भारत मिशन और वृक्षारोपण के कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा नगर निगम क्षेत्र की श्रीमती नुसरत सीरी को 150 समूहों का गठन कर शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक संवर्धन के लिए 4370 हितग्राहियों को बैंकों के माध्यम से 13 करोड 11 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद के लिए सम्मानित किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत फसल बीमा योजना के महत्व के विषय मे किया गया जागरूक

फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और अन्य जोखिमों से होने वाले नुकसान की वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है

सीधी विकसित कृषि संकल्प अभियान में तीसरे दिन जिले में गठित पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड के हनुमानगढ़, पोड़ी, नौगवां, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड के हटवाखास, हटवादेवार्थ, घोघरा तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड के कुसमी, मगवार एवं कोड़ार में अभियान का संचालन किया गया। हनुमानगढ़ में सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अभियान के तहत आयोजित कृषक संगोष्ठी में भाग लिया, जहां उन्होंने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन में कृषि विभाग के अधिकारियों को मिट्टी परीक्षण, फसल बीमा जागरूकता कैंप और किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि मिट्टी का स्वास्थ्य और फसल बीमा किसानों की समृद्धि का आधार है।

उन्होंने हनुमानगढ़ को केंद्र बनाकर नियमित रूप से कृषि तकनीकी प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर जोर दिया। शिविर में वैज्ञानिको द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के महत्व पर जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। फसल बीमा योजना खरीफफसलों के लिए 2 प्रतिशत और रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और अन्य जोखिमों से होने वाले नुकसान की वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। वहीं, प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों जैसे अनियमित बारिश, तापमान में उतार-चढ़ाव और आर्द्रता से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई करती है। वैज्ञानिक ग्राम चौपालों और फसल बीमा पाठशालाओं के माध्यम से किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया, दावा प्रक्रिया और गैर-ऋणी किसानों के लिए विशेष प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-565/ई-टेंडर/वि.शा./न.पा.नि./2025

रीवा, दिनांक 17-04-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2025_UAD_403559_1 17.04.2025 [FIRST CALL] 565/17.04.2025	"RFP for Selection of Firm to Carry Out Energy Audit/Energy Bill Audit service & electrification work in compliance of Energy Audit report for Street Lights, Water Pumping Stations, STP, Office Buildings, sulabh complex under Municipal Corporation REWA".	06 माह ₹142.67 लाख	₹12500.00 ₹71335.00	19.05.2025 12:00 बजे तक।

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

17/4/2025

कार्यपालन यंत्री (विद्युत)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)



अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है।

चीन के नेतृत्व में इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर मेडिएशन

- चीन की यूनाइटेड नेशन को चुनौती

चीन वैश्विक राजनीति में बड़ी ताकत के साथ तेजी कदम बढ़ा रहा है। चीन अब सिर्फ एक आर्थिक शक्ति नहीं, वरन वैकल्पिक वैश्विक व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बनता जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण है, चीन के नेतृत्व इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर मेडिएशन की स्थापना की गई है। चीन के नेतृत्व में हांगकांग में शुरू यह नया बहुपक्षीय मंच है। इस संगठन का उद्देश्य वैश्विक अथवा दो देशों के बीच के विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाना इसका मुख्य उद्देश्य है, इसके राजनीतिक आर्थिक निहितार्थ को लेकर गंभीर और दूरगामी परिणाम होना तय है। संयुक्त राष्ट्र जैसे स्थापित वैश्विक संस्थानों की निष्क्रियता, पक्षपात और राजनीतिक दवाब को देखते हुए चीन ने एक समानांतर वैश्विक संस्था खड़ा करने की कोशिश की है। यह संस्था ऐसे समय में सामने आई है। जब रुस एवं यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध, इजरायल-गाज़ा का संकट, ताइवान तनाव और दक्षिण चीन सागर विवाद जैसे मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सवालों के घेरे में है।

सारी दुनिया आर्थिक मंदी के मुहाने पर खड़ी है। विश्व के अधिकांश देश कर्ज एवं महंगाई से जूझ रहे है। सारी दुनिया तकनीकि के विकास को लेकर जिस तेजी से बदल रही है। ऐसे समय पर चीन का वैश्विक स्तर पर ताकतवर होना भारत के लिये बड़ी चुनौती है। अमेरिका और रूस इस समय सबसे कमजोर है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान क्रियाकलाप से दुनिया के देशों में उसकी विश्वसनीयता और कार्य प्रणाली को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। ऐसे समय में चीन ने हांगकांग को मध्यस्थता का केंद्र बिन्दु बनाकर वैश्विक नेतृत्व की दुनिया के देशों के बीच नई दावेदारी पेश कर दी है। इस संगठन में 85 देशों की भागीदारी है। 33 देशों की फाउंडर सदस्यता है। वर्तमान संदर्भ में चीन की कूटनीतिक राजनीतिक एवं आर्थिक सफलता को दर्शाती है। इस संगठन की खास बात यह है, इनमें से कई देश वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ के) देश हैं। दुनिया भर के विकासशील या पिछड़े राष्ट्र पश्चिमी प्रभाव से मुक्त होकर नये साझेदारों की तलाश मे हैं। नया संगठन इस तलाश की पुष्टि कर रहा है। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और फांस जैसे लोकतांत्रिक देशों को इसमें शामिल नहीं है। विकसित राष्ट्र खुद शामिल नहीं हुए हैं? विकशित एवं विकासशील राष्ट्रों की अनुपस्थिति से स्पष्ट है, अब दुनिया दो धड़ों में बंटने जा रही है। दुनिया में चीन का प्रभाव बड़ी तेजी के साथ बढा है, यह भी इससे प्रमाणित होता है। चीन अब बड़ी आर्थिक एवं सामरिक शक्ति के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। हांगकांग में इस संस्था का मुख्यालय बनना भी प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। यह वही हांगकांग है, जो कभी लोकतंत्र की प्रयोगशाला था। अब चीन की राजनीतिक पकड़ और प्रभाव में है। हॉन्गकांग में न्यू वर्ल्ड ऑर्डर की नींव रखना चीन का साफ संदेश है। नई व्यवस्था लोकतंत्र के साथ-साथ वित्तीय एवं सामरिक नियंत्रण की रणनीति पर आधारित होगी। भारत के लिए यह एक बडी चेतावनी है। भारत इस तरह के संगठनो से दूरी बनाएगा, तो भारत वैश्विक विचार विमर्श, करोबार से बाहर होता चला जाएगा। चीन ने अंतरराष्ट्रीय संस्था तैयार कर इसमें 85 देशों का समर्थन हासिल करके सारी दुनिया के देशों और महा शक्तियों को चुनौती दी है। संयुक्त राष्ट्र को भी चीन ने एक तरह से चुनौती दी है। संयुक्त राष्ट्र संघ यदि कमजोर होता है ऐसी स्थिति में भारत के लिए आने वाले समय में मुश्किलें और भी बढ़ना तय है। अब भारत को तय करना है, क्या वह पुरानी व्यवस्था के साथ जुड़ा रहकर वैश्विक संस्थाओं और स्वयं की रक्षा करेगा, या नई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए अपने आप को बदलेगा। भागीदारी, वैश्विक स्तर पर और पड़ोसी देशों के साथ भारत किस तरह से आगे बढ़ेगा यह भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चीन भारत का पड़ोसी है। भारत की बहुत बड़ी सीमा चीन के साथ लगी हुई है। पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार की सीमाएं भारत से जुड़ी हुई है। उपरोक्त सभी देश चीन के प्रभाव में है उपरोक्त देशों के साथ चीन के आर्थिक और सामरिक संबंध पिछले एक दशक में बड़े मजबूत हुए हैं। ऐसी स्थिति में भारत पर सबसे ज्यादा दबाव में होगा। चीन की आर्थिक और सामरिक शक्ति भारत के मुकाबले कई गुना ज्यादा है। इसलिए भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। वैश्विक स्तर पर जो बदलाव हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हितों की रक्षा करने के लिए ज्यादा सजग रहना होगा। यदि कोई लापरवाही हुई तो इसके भारी दुष्परिणाम भारत को भुगतना पड़ सकते हैं। भारत में जिस तरह के आतंरिक मतभेद जाति, धर्म एवं राजनीति में देखने को मिल रहे हैं। इससे भारत के लिये आतंरिक एवं वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही है।

सरकारी घोषणाओं के झरनों में सूखते भारत की पुकार!

पानी के लिए तरसती आंखें, सूखते कंठ, और एक झूठ जो हर चुनावी मंच पर झाग़ की तरह फूटता है—च्हर घर नल से जलज। महाराष्ट्र के नासिक जिले का पेठ तालुका और उसका एक छोटा-सा गांव बोरीचिवारी, उस झूठ का ऐसा आईना है जिसमें सत्ता का चेहरा अब भी चमकता नहीं, बल्कि धुंधलाता हुआ नज़र आता है। यहाँ की महिलाएं आज भी जान हथेली पर रखकर कुएं में उतरती हैं, अपने और अपने परिवार के लिए कुछ बूंदें पानी की तलाश में। विकास के दावों की छाती पर चढ़कर जब लोकतंत्र की ये बेटियाँ रस्सियों के सहारे नीचे उतरती हैं, तब यह दृश्य च्अमृतकालज् नहीं, अपवित्र त्रासदी की गाथा गढ़ता है। वैसे ये तस्वीर सिर्फ़ नासिक के एक गांव की नहीं, सूखते कंठ की दर्द भरी दास्तां राष्ट्रव्यापी समस्या बन चुकी है। महाराष्ट्र के नासिक से लेकर झारखंड के पलामू तक, जल संकट की त्रासदी एक ऐसी सच्चाई है, जो सरकार के च्हर घर जलज् जैसे तमाम वादों और अभियानों की पोल खोलती है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में नल से जल उपलब्ध कराने का दावा किया गया, लेकिन कैग और नीति आयोग की रिपोर्टें बताती हैं कि यह योजना आंकड़ों के मायाजाल से आगे नहीं बढ़ पाई।

नीति आयोग की च्जल प्रबंधन सूचकांकज् 2018 की रिपोर्ट चेतावनी देती है कि 2030 तक देश के 21 शहरों का भूजल पूरी तरह समाप्त हो सकता है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब भी 15 करोड़ से ज्यादा लोग स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। विगत वर्षों में लातूर को ट्रेन से पानी भेजना पड़ा, बुंदेलखंड में महिलाएं निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन करती हैं, और झारखंड के गाँवों में लोग पेड़ों से रिसती बूंदों को जमा करके पीते हैं। ये घटनाएं 21वीं सदी की नहीं लगतीं, फिर भी ये हमारे आज की सच्चाई हैं। विश्वगुरु बनाने को लालायित देश की हक़ीक़त है, लेकिन रहनुमाओं को सिर्फ़ अपनी फ़िक्र है। तभी तो बोतलबंद पानी पीने वाले नेतागण च्नमामि गंगेज्, च्अटल भूजल योजनाज् और च्जल क्रांति अभियानज् जैसे कार्यक्रम को शुरू कर ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेते हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे के अनुसार, ग्रामीण महिलाओं को प्रतिदिन 2-3 घंटे पानी लाने में गंवाने पड़ते हैं, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित होता हैं। जबकि यूनेस्को की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में जल संकट सामाजिक असमानता और जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर एक गहरी मानवीय आपदा का रूप ले चुका है, और यह अब चेतावनी नहीं, बल्कि वास्तविकता है।

इतना ही नहीं स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति जल की अनुपलब्धता के कारण भी प्रभावित होती है। यूनेस्को की ही एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, जल संकट वाले क्षेत्रों में लड़कियों की ड्रॉप-आउट दर लगभग 23 प्रतिशत से अधिक होती है। दूसरी तरफ हमारी रहनुमाई व्यवस्था है, जो 2024 आकर बीत जाने के बाद भी च्हर घर नलज् वाला सपना भूल गई है। पीएम मोदी ने लालकिले से घोषणा की थी कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत देश के हर ग्रामीण घर को नल से शुद्ध पानी मिलेगा। सरकारी पोर्टल्स और पीआईबी की प्रेस रिलीज़ों में सफलता की झिलमिलाती कहानियाँ दर्ज हैं, करोड़ों कनेक्शन दिए जा चुके हैं, ग्राफ़ ऊपर की ओर जा रहे हैं और काग़ज़ों में भारत प्यासा नहीं है। लेकिन बोरीचिवारी में ज़मीन पर उतरते ही ये आँकड़े गले में अटक जाते हैं। महिलाओं के हाथों में मटके हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं, शिकायतें भरी हैं। कुएं में उतरकर पानी निकालने की उनकी आदत आज़ादी के 75 साल बाद भी नहीं छूटी, क्योंकि च्नलज् उनके घर की दीवारों पर सिर्फ़ एक मेटल का पाइप है जो सूखा और खामोश है। ऐसे में क्या यही है च्अंतर्राष्ट्रीय जल दिवसज् मनाने का औचित्य? क्या यही है यूनिसेफ और नीति आयोग की सिफारिशों पर खरे उतरने वाला भारत? यदि जल जीवन मिशन इतना सफल रहा है, तो फिर क्यों पेठ तालुका के बोरीचिवारी, भोर, त्र्यंबकेश्वर, अक्कलगांव जैसे गांवों की बच्चियां स्कूल के बजाय दिन भर पानी की लाइन में लगी रहती हैं? क्या उनके लिए शिक्षा का अधिकार अब भी सिर्फ किताबों में छपी इबारत है?

भारत के संविधान की धारा 21 च्जीवन के अधिकारज् की बात करती है, जिसमें स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बुनियादी मानवीय अधिकार माना गया है। लेकिन इस अधिकार को पाने के लिए इन महिलाओं को कुएं की गहराई में उतरना पड़ता है, बिना सुरक्षा के महज एक रस्सी के सहारे। क्या इसी को च्सुशासनज् कहते हैं? महाराष्ट्र में ही 2023-24 के बजट में जल संसाधन परियोजनाओं के लिए 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई थी। जल जीवन मिशन के लिए केंद्र सरकार ने 3.6 लाख करोड़ का प्रावधान किया था। इन योजनाओं का लाभ किसे मिला? क्या ठेकेदारों को? क्या टेंडर लेने वाले निगमों को? या फिर अधिकारियों की ट्रैवल रिपोर्ट्स को, जिनमें प्रोजेक्ट्स ऑन ट्रैक लिखा होता है? सरकारें आती हैं, नारे बदलते हैं, लेकिन प्यास नहीं बुझती। नासिक जैसे अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी जब ये स्थिति है, तो आदिवासी और घने जंगलों में बसे गांवों की दशा की कल्पना मात्र ही सिहरन पैदा कर देती है। पेठ का यह गांव न तो बाढ़ग्रस्त है, न भूकंप-प्रभावित, फिर भी यहाँ पीने का पानी नहीं। क्यों?

जल संकट कोई अचानक आई आपदा नहीं, यह तो लंबे समय से तैयार किया गया एक च्सामाजिक अपराधज् है—संवेदनहीनता का परिणाम। ग्राउंड वाटर लेवल गिरता रहा, तालाब और जलाशयों पर मॉल खड़े होते रहे, जल संरचनाओं की मरम्मत कागजों तक सीमित रही, और जनता को आश्वासन के पानी से बहलाया जाता रहा। कभी सरकारी बाबू कहते हैं कि पाइपलाइन बिछाई जा रही है, तो कभी सरपंच कहते हैं कि बिजली नहीं है, पंप चालू नहीं हो सकता। लेकिन असली सवाल कोई नहीं उठाता कि आखिर इन योजनाओं की मॉनिटरिंग कौन कर रहा है? पेठ जैसी जगहों में आरटीआई के ज़रिए पूछे गए सवालों के जवाब अक्सर च्रिकॉर्ड उपलब्ध नहींज् कहकर टाल दिए जाते हैं। जनसुनवाई की बैठकें नदारद हैं और जनता के हिस्से में सिर्फ एक च्सुनो और भूल जाओज् वाली व्यवस्था है।

यह तस्वीर केवल एक गांव की नहीं है, यह तस्वीर उस राष्ट्र की है जो अब भी अपनी 50 करोड़ ग्रामीण आबादी को स्वच्छ पानी की न्यूनतम गारंटी नहीं दे सका है। दुनिया भर में च्जलवायु परिवर्तनज् की बड़ी-बड़ी कांफ्रेंस में भारत भागीदारी करता है, लेकिन अपने गांवों में पानी की कमी से आत्महत्या करते किसानों की सूची तक नहीं बनाता। क्या हमने कभी सोचा है कि जब एक बच्ची हर दिन 3-4 घंटे पानी लाने में खर्च करती है, तो उसकी शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है?

आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहा ब्रह्माकुमारीज का

आनन्द सरोवर साधु-संत महासम्मेलन!

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय दुनियाभर में आध्यात्मिक ज्ञान के प्रसार के लिए नियमित रूप से सेवा कार्य कर रहा है। दुनिया के अन्य देशों के साथ ही भारत मे नारी शक्ति को आगे लेकर चल रही यह संस्था साधु -संतों को सम्मान देंकर उन्हें विश्व शान्ति व सदभाव के यज्ञ में आहुति दिलाने का कार्य कर रही है।इसी श्रृंखला में 30 मई से 2 जून तक ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम में अखिल भारतीय साधु-संत महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।जिसमे देश दुनिया के महान साधु -संत ब्रह्माकुमारीज के मंच से आध्यात्म के ज्ञान की खुशबू फैला रहे है।पिछले वर्ष भुनेश्वर में भारत को विश्वगुरु बनाने में साधु संत की भूमिका विषय पर हुए सफल आयोजन के बाद गुरुग्राम में साधु संतों के समागम ने नई आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया था। भुवनेश्वर उपक्षेत्र के अंतर्गत लगभग 150 ब्रह्माकुमारी केंद्रों से लगभग 200 बीके बहनें और भाई बीते वर्ष सितंबर माह के साधु -संत सम्मेलन में शामिल हुए थे। जिसमे स्वामी सचिन आनंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती, स्वामी अभेदानंद सरस्वती, स्वामी बिमलानंद सरस्वती, सुरेश स्वामी, स्वामी कृष्ण चरण दास, स्वामी प्रणबानंद, ब्रह्मचारी प्रफुल्ल चैतन्य, बाबा रमेश चंद दास, मोहंता त्रिलोकेश्वर भारती, स्वामी हारिस सरस्वती, स्वामीनी ऋतजानंद, स्वामी गुरेश्वरानंद, स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती, आनंद चैतन्य ब्रह्मचारी, स्वधी गीतादेवी, स्वामी निगमानंद, स्वामी ओमनानंद सरस्वती, किशोर शिवानंद स्वामी, चिंतामणि दास महाराज, वैष्णव चरण दास, स्वामी कृष्णानंद गुरु, केशव दास महाराज, स्वामी ओंकारानंद सरस्वती, सुधांशु अधिकारी आदि ने अपनी आध्यात्मिक विचार प्रक्रिया में विभिन्न परंपरा से जुड़े होने के बावजूद एक साथ मिलकर काम करने की बात की थी। भुनेश्वर साधु -संत सम्मेलन में भगवान आश्रम, गुरुकुल आश्रम, निगमानंद आश्रम, गुरुपद आश्रम, भगवान आश्रम, महिमा आश्रम, दिव्यजीवन संथा, चिन्मय मिशन, निगम कल्पतरु आश्रम, राधिका धाम, डिवाइन लाइफ सोसाइटी, पुरी बड़ा ओडियामठ, राधागोबिंद मठ, प्रज्ञा मिशन, सास्वत एजुकेशनल सोसाइटी, गायत्री शक्ति पीठ, पतंजलि आदि के आध्यात्मिक संतों ने एक स्वर में भारत को विश्व में शांति स्थापना के लिए संकल्प लिया था। संतों ने जीवन में आध्यात्म की पुर्नस्थापना के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की थी।ब्रह्माकुमारीज दादियों का संकल्प था कि संतों को एक बार माउंट आबू लाना है। संतों की सेवा करनी है। इसी लक्ष्य को लेकर यह संत सम्मेलन आयोजित किया गया है। आध्यात्म, आरोग्य और आनंद की त्रिवेणी में संत समागम पर जो संत महात्मा महामंडलेश्वर एकत्रित होते हैं,

संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे।

उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं।

कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।

आज का राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्व शुक्रोदय पूर्व गुरु अस्त पश्चमेति, तिथि षष्ठी, रविवासरे, अश्लेषा नक्षत्रे, ध्रुव योगे, कौलव करणे, कर्क की चंद्रमा, प्रा. रवियोग 50/46 देव प्रतिष्ठा जलखनन तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी7

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी तथा कष्टी कृपण, तथा धनी मानी, उत्तम वृत्ति का होगा।

मेष राशि :- हर्ष, यात्रा सुख, सफलता, हानि, गृह कलह, मानसिक अशांति का अनुभव होगा।

वृष राशि :- विरोध, व्यय, कष्ट, अशांति रहेगी तथा लेखन कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

मिथुन राशि :- व्यापार में अति लाभ, यात्रा विवाद, उद्योग-व्यापार की स्थिति में कमी होगी।

कर्क राशि :- शरीर मध्यम, भूमि व राजभय, सफलता का दिन, हर्ष रहेगा, फलप्रद स्थिति रहेगी।

सिंह राशि :- वाहन भय, राज सुख, यात्रा से लाभ होगा तथा शुभ कार्यों में व्यवधान होगा।

कन्या राशि :- व्यय, विरोध, भूमि लाभ होगा, शेष कार्य में व्यवधान होगा, धैर्य से कार्य करें।

तुला राशि :- रोग भय, यात्रा सुख, यात्रा, व्यापार में सुधार हो सकता है, रुके कार्य बन जायेंगे।

वृश्चिक राशि :- कार्य सिद्धी, लाभ, विरोध, भूमि लाभ, कार्य में बाधा, व्यवस्था बनी रहेगी।

धनु राशि :- लाभ के कार्य होंगे, यश, हर्ष, यात्रा भय, शिक्षा जगत की स्थिति सामान्य रहेगी।

मकर राशि :- विरोध, व्यापार में हानि, शरीर कष्ट, धार्मिक खर्च तथा विशेष व्यय होगा।

कुंभ राशि :- लाभ-हानि की समान स्थिति रहेगी, विरोधी परेशान करने का प्रयास करेंगे, धैर्य रखें।

मीन राशि :- राज भय, अंश लाभ, चोरी तथा चोर भय हो सकता है, परेशानियां बढ़ेंगी।

मां अहिल्या से लाड़ली बहनों तक...

मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण की स्वर्णिम परंपरा

विरासत भी, विकास भी- टेम्पो से मेट्रो पर आया अपना इंदौर

कैलाश विजयवर्गीय*

भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरा पर यदि कोई शहर मां अहिल्या बाई होलकर जी की करुणा, नीति एवं लोक कल्याण की प्रेरणा से ओतप्रोत है, तो वह है अपना इंदौर। यह वही पावन भूमि है, जहां मां अहिल्या ने धर्म, न्याय तथा सेवा का ऐसा स्वर्णिम अध्याय रचा, जो आज भी शासन, प्रशासन और समाज के लिए पथप्रदर्शक है।

31 मई 2025 को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलों से मेट्रो ट्रेन की शुरुआत इंदौर की आत्मा को आधुनिकता के साथ जोड़ने की संकल्पना है।

यह कितना सुंदर संयोग है कि इसी दिन रानी कमलापति की नगरी भोपाल के जंबूरी मैदान में %महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन% का आयोजन भी हो रहा है, जिसे प्रधानमंत्री जी स्वयं संबोधित करेंगे। वहीं इस ऐतिहासिक अवसर पर मां शारदा की पावन भूमि सतना तथा मां पीताम्बरा की धरा दतिया को हवाई अड्डे की सौगात मिलेगी। यह सभी कार्यक्रम एक ही धागे से बंधे हैं...यानी विकास और विश्वास, गति और गौरव, परिवहन और परिवर्तन।

इंदौर में टेम्पो से लेकर अब मेट्रो तक की विकास यात्रा अद्भुत*

इंदौर की विकास यात्रा टेम्पो से लेकर आज मेट्रो ट्रेन तक आ पहुंची है। सब कुछ कितनी तेजी से गुजर गया और अपना इंदौर अब मेट्रो शहर बन गया। शहर में मेट्रो की शुरुआत एक सुगम परिवहन सुविधा के साथ संपूर्ण जीवनशैली का परिवर्तन है। यह परियोजना इंदौर की स्वच्छता, अनुशासन और नवाचार की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। मेट्रो का प्रथम चरण यातायात की सुगमता, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह परियोजना मध्यप्रदेश को %स्मार्ट स्टेट% बनाने की दिशा में भी सशक्त कदम है।

जैसा कि कहा गया है...*

शास्त्रेषु नगरस्य लक्ष्मणानि सप्त- स्वच्छता, जल व्यवस्था, परिवहन, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण, सुरक्षा योजना एवं सांस्कृतिक चेतना।

इंदौर मेट्रो इस सप्तम स्तंभ को और सशक्त करेगी। इंदौरवासियों की आकांक्षाओं को पंख देगी। यह %न्यू अर्बन इंडिया% की जीवंत मिसाल है, जो स्वच्छता के सिरमौर इंदौर को वैश्विक नगरीय गौरव के शिखर पर स्थापित करेगी।

नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री*

हमारी डबल इंजन की सरकार में महिला सशक्तिकरण केवल नीतियों का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। मां अहिल्या बाई होलकर इसकी प्रतीक हैं। उन्होंने राजसिंहासन पर बैठकर धर्म, न्याय तथा लोककल्याण की ऐसी मिसाल कायम की, जो आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा निर्मित सैकड़ों घाट, समाज के वंचित वर्गों के लिए अन्न क्षेत्र और खुले दरबार न केवल उनके शासन को %सुराज्य% बनाते थे, बल्कि यह भी दर्शाते कि नारी शक्ति अर्धांगिनी नहीं, समाज के उत्थान की अधिष्ठात्री है।

मां अहिल्या का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अनमोल निधि है। उनके कालजयी विचार हर युग में %बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय% का संदेश देते हैं। आज हमारी सरकार इसी ध्येय के साथ जनकल्याण के पथ पर अग्रसर है।

प्रदेश में लागू लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रम उसी परंपरा का आधुनिक स्वरूप हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में शहरी क्षेत्र की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दीनदयाल जन आजीविका योजना संचालित की जा रही है।

जैसा कि संस्कृत में कहा गया है कि*

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:

जहां नारी का सम्मान होता है, वहां समृद्धि और शांति का वास होता है। यह हमारी नीति और दृष्टि का मूलमंत्र है। संपूर्ण विश्व ने बहनों के सिंदूर की ताकत अभी हाल ही में देखी है। अब भोपाल में आयोजित होने जा रहा महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन भारत की मातृशक्ति को नमन और उनके सामर्थ्य को सशक्त करने का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना, जनधन खाता, मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों ने करोड़ों बेटियों, बहनों के जीवन को नई दिशा दी है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। यह मां अहिल्या के आदर्शों, न्याय, करुणा एवं शक्ति के संतुलन का साकार रूप है।

इंदौर में स्वच्छता, संस्कृति और सशक्तिकरण का संगम*

मैंने राजनीति में जो सीखा, वह मां अहिल्या की भूमि से सीखा। एक सार्वजनिक सेवक के रूप में, जब विकास की बात आती है तो मेरे मन में केवल एक ही ध्येय होता है...हमारा देश, हमारा प्रदेश, हमारी संस्कृति और हमारा गौरव। मुझे संतोष है कि अपना इंदौर आज सबसे स्वच्छ शहर होने के साथ नारी शक्ति का प्रतीक है। इसी क्रम में हमने तय किया है कि इंदौर मेट्रो के पहले स्टेशन का नामकरण मां अहिल्या बाई के नाम पर किया जाएगा।

अब जब 31 मई को इंदौर मेट्रो की पहली ट्रेन दौड़ेगी और भोपाल में लाखों बहनें प्रधानमंत्री जी के प्रेरक विचारों को सुनेंगी, तब यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के नवयुग का शंखनाद होगा। यह मां अहिल्या के आदर्शों को आधुनिकता के साथ जोड़ने का संकल्प होगा।

मैं इंदौर और मध्यप्रदेश की जनता को इस ऐतिहासिक अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हम मध्यप्रदेश की धरा को विकास और सम्मान के नए शिखर पर ले जा रहे हैं।

***(लेखक मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री हैं।)**

फिल्म वर्ग पहेली- 6860



बायें से दायें:-

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6859

Jagrutidaur.com, Bangalore

कंगाली में पहुंचे संयुक्त राष्ट्र के 6900 कर्मचारियों की छुट्टी तय

वाशिंगटन। वैश्विक शांति,मानवीय सहायता, दुनिया के सभी देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग मैं महत्वपूर्ण भूमिका की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ आर्थिक संकट में फंसकर अपना औचित्य खोने जा रहा है।संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के बजट में 20 फ़ीसदी की कटौती की गई है। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र संघ को भुगतान करने से मना कर दिया है। अमेरिका द्वारा कटौती किए जाने के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है।

भारत-रूस और चीन की दोस्ती से पहले ही भड़क उठा अमेरिका कहा- लगा देंगे 500 फीसदी टैरिफ

वाशिंगटन। अमेरिका की दुनिया को लड़ाने की नीति रही है। ऐसे में तीन बड़े देशों की दोस्ती उसे खटकना स्वाभाविक है। भारत,चीन और रूस की दोस्ती की आहट आते ही यूएस ने 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है।

अमेरिका के सांसद रूस पर दबाव बनाने के लिए नया बिल ला रहा है, जिसमें रूस से तेल-गैस-यूरेनियम खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ की बात है। सीनेटर ब्लूमेंथल और लिंडसे ग्राहम का कहना है कि अगर रूस यूक्रेन के साथ शांति वार्ता नहीं करता, तो ये सजा लागू होगी।

ट्रंप ने फिर कहा- भारत-पाक संघर्ष रुकवाने में हम सफल रहे, अमेरिकी कोर्ट ने खोली पोल

वाशिंगटंन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से भारत पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाने वाला विवादित बयान दिया है। उन्होंने डीओजीई से एलन मस्क की विदाई के दौरान उन्होंने कहा कि हमने दोनों देशों के बीच जंग को रुकवाया वरना यह परमाणु वार में बदल सकता था। मगर, ट्रंप की प्रशासन की पोल उस समय खुल गई, जब वह उनके वैश्विक टैरिफ को लेकर कोर्ट में इस जंग को लेकर बयान दिया है। उनकी प्रशासन ने अदालत से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने में उनकी टैरिफ नीति ने अहम भूमिका निभाई।

चीन ने पेश किया इंटरनेशनल कोर्ट का विकल्प, 33 देश बने सदस्य

बीजिंग। चीन ने अंतरराष्ट्रीय विवाद सुलझाने के लिए एक नया संगठन बनाया है। इसका नाम इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर मीडिएशन है। इस इंटरनेशनल कोर्ट (आईसीजे) और परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन जैसे संस्थानों के विकल्प के तौर पर पेश किया है। इसमें 85 देशों और करीब 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के करीब 400 बड़े अधिकारी शामिल हुए।

पाकिस्तान-तालिबान के बीच रिश्ते तनाव पर, पाकिस्तानी चौकी को उड़ाया

काबुल। अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर बयान बदलने को तैयार हुआ कोलंबिया

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रभाव

वॉशिंगटन। ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के रुख को दुनिया के सामने रखने के लिए अलग-अलग देशों में गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को बड़ी सफलता मिली है। 7 मई को पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों की मौतों पर संवेदना व्यक्त करने वाला कोलंबिया अपने बयान को बदलने के लिए तैयार हो गया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, उन्होंने अपना वह बयान वापस ले लिया है, जिससे हमें पहले निराशा हुई थी अब वह हमारे समर्थन में एक बयान जारी करेंगे। थरूर का यह बयान उनके पिछले बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया द्वारा अपनाए गए रुख पर निराशा जाहिर की थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत और भारतीय जनता पार्टी के नेता तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि कोलंबिया सरकार के सामने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत सरकार का पूरा पक्ष रखा है। प्रतिनिधिमंडल के विस्तृत स्पष्टीकरण ने कोलंबिया के रूख को पलटने में मदद की। उन्होंने कहा, आज सुबह हमारे नेता और कोलंबिया के कार्यवाहक विदेश मंत्री के बीच में लंबी चर्चा हुई।

पूरी टीम ने उन्हें समय सीमा समझाते हुए.. पूरी घटना की जानकारी दी। शायद इससे पहले उनके द्वारा दिए गए बयान में घटनाक्रम के कुछ मुख्य बिंदु छूट गए थे। इसकी वजह से उन्होंने ऐसा बयान दिया था। कोलंबिया द्वारा इस मुद्दे पर अपना बयान बदलने का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि वह जल्दी ही सुरक्षा परिषद का सदस्य बन जाएगा।कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोसा योलांडा विलाविसेनियों ने इस मुद्दे पर जानकारी देते हुए कहा, हमें पूरा विश्वास है कि आज इस मुद्दे पर हमें जो स्पष्टीकरण मिला है, वह वास्तविक स्थिति, संघर्ष और कश्मीर में जो कुछ हुआ उसके बारे पर्याप्त जानकारी देता है। इसके बारे में हम और बातचीत जारी रख सकते हैं।इससे पहले शुक्रवार को कोलंबिया द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर जारी किए गए पुराने बयान को लेकर शशि थरूर ने कहा था कि आतंकियों को भेजने वाले और अपना बचाव करने वालों के बीच में कोई समानता नहीं हो सकती है।

उन्होंने कहा, नई दिल्ली के पास इस बात के ठोस सबूत हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के पीछे पाकिस्तान द्वारा पोषित किए जा रहे आतंकवादियों का हाथ था। इस आतंकी हमले में 26 निर्दोष भारतीय नागरिकों की हत्या हो गई थी।

ट्रंप से अनबन के बाद इस्तीफा देने वाले एलन मस्क की जमकर हुई कुटाई, काली पड़ गई आंख

वाशिंगटन। अरबपति और टेस्ला प्रमुख एलन मस्क की आंख सूजी हुई है और काला निशान भी है। इस पर अमेरिका में जमकर चर्चा हो रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अनबन और डोगे से इस्तीफा देने के बाद आखिर मस्क को किसने कूट दिया। शुरुआत में जब पत्रकारों ने उनसे चोट को लेकर सवाल किया, तो मस्क ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं फ्रांस के पास भी नहीं था। उनका इशारा फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिजिट मैक्रों की तरफ था, जो हाल ही में अपनी पति और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को थप्पड़ मारती दिखी थीं। टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में देखा गया, लेकिन इस बार चर्चा उनके काम से अधिक उनकी सूजी और काली पड़ी आंख को लेकर रही। लोगों को हैरानी हुई कि मस्क की आंख को आखिर हुआ क्या? जब उनसे इस बारे में पूछा गया, तो मस्क ने हमेशा की तरह मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए बताया कि यह चोट उनके 5 साल के बेटे 'लिटिल एक्स' की देन है। उन्होंने कहा, 'मैं एक्स के साथ मस्ती कर रहा था और मैंने कहा- चलो, मुझे मुंह पर मुक्का मारो। और उसने सच में मार दिया। मस्क ने हंसते हुए कहा कि उस वक्त तो ज्यादा महसूस नहीं हुआ, लेकिन बाद में आंख पर सूजन और काले निशान आ गए।

यह पूरा वाकया व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ, जहां ट्रंप ने मस्क के 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (डोगे) में किए गए काम की तारीफ की और उन्हें एक सुनहरी चाबी भेंट की। हालांकि पहले कुछ नीतियों को लेकर दोनों के बीच मतभेद की खबरें थीं, लेकिन ट्रंप ने साफ किया कि 'मस्क असल में जा नहीं रहे हैं' और वे समय-समय पर व्हाइट हाउस में लौटते रहेंगे, क्योंकि डोगे उनका 'बेबी' है। बता दें कि मस्क की भूमिका एक विशेष सरकारी कर्मचारी के तौर पर थी, जिसमें उन्हें साल में अधिकतम 130 दिन ही फेडरल नौकरी करने की अनुमति थी। इस सबके बीच एक रिपोर्ट में मस्क की कथित ड्रग्स की आदतों को लेकर सनसनीखेज दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि मस्क ने खुद स्वीकार किया है कि वह इतनी बार केटामीन ले रहे हैं कि इसका असर उनके मूत्राशय पर पड़ रहा है।

रुस ने अमेरिका के सबसे बड़े दुश्मन उत्तर कोरिया को दिया एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम

मॉस्को। रूस और उत्तर कोरिया के बीच गहराते सैन्य रिश्तों की चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में जारी एक अंतरराष्ट्रीय निगरानी रिपोर्ट में दावा है कि रूस ने उत्तर कोरिया को अपना एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक जैमर और सैन्य सहायता दी है।

ये सब संयुक्त राष्ट्र के सख्त प्रतिबंधों के बाद भी हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2024 से रूस ने उ.कोरिया को 'पैंटिर' मोबाइल वायु रक्षा सिस्टम और लड़ाकू वाहन सौंपे हैं। यह वहीं प्रणाली है जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और तोपों से लैस होती है, यानी दुश्मन के विमान या मिसाइलों को आसमान में ही ढेर कर दिया जाएगा। पैंटिर डिफेंस सिस्टम के मिसाइल की स्पीड ब्रह्मोस से भी तेज है। हालांकि ब्रह्मोस और इसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि पैंटिर जहां शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है। वहीं ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। रेंज के मामले में ब्रह्मोस आगे है। यह 650 किमी तक हमला कर सकती है। वहीं पैंटिर 1.2 से 20 किमी की रेंज तक आने वाली मिसाइलों को ढ़ेर कर सकती है। रिपोर्ट में दावा है कि उ.कोरिया ने सितंबर 2023 से रूस को भारी मात्रा में हथियार सप्लाई किए लगभग 20,000 कंटेनरों के द्वारा। इसमें 9 मिलियन से ज्यादा आर्टिलरी राउंड्स, सैकड़ों मिसाइलें, भारी तोपें और एंटी-टैंक गाइडेड हथियार शामिल हैं। यह मात्रा इतनी है कि तीन पूरी ब्रिगेड को हथियारबंद कर सके। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर-दिसंबर 2023 के बीच रूसी वायुसेना के आईएल-76 और एएन-124 जैसे सैन्य विमानों ने हथियारों की डिलीवरी की।

रूस ने बीते साल उ.कोरिया को 1 मिलियन बैरल से ज्यादा तेल भेजा, जबकि प्रतिबंधों के अनुसार यह सीमा 5 लाख बैरल सालाना है।

कांग्रेस नेता खुर्शीद बोले- सच यही है सीजफायर के लिए गिड़गिड़या था पाकिस्तान

जकार्ता। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने अभी विदेश दौरे पर हैं और भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर पाकिस्तान को बेनकाब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत नहीं बल्कि पाकिस्तान ने सबसे पहले संपर्क कर सीजफायर की पेशकश की थी।

उन्होंने इसे लेकर चल रही दूसरी बातों को पूरी तरह बकवास करार दिया। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में पत्रकारों से बात करते हुए खुर्शीद ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन कर संघर्षविराम की मांग की और भारत ने तब जवाबी कार्रवाई रोकने का निर्णय लिया। खुर्शीद ने कहा, किसी का यह कहना कि हमने पहले फोन किया, बिल्कुल बकवास है। जब कॉल आया, तब तक पाकिस्तान को भारी नुकसान हो चुका था। हमने तब हमला रोकने का फैसला लिया, लेकिन सीमा पर गोलाबारी अगले तीन-चार घंटे तक चलती रही। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान में न तो असैन्य सरकार के पास नियंत्रण है, न ही सेना एकजुट है। वहां फौज के भीतर ही कई गुट हैं जो एक-दूसरे से ताकत के लिए लड़ रहे हैं। खुर्शीद ने कहा कि भारत अब महाशक्ति बनने की राह पर है और कोई भी उसे इस रास्ते से नहीं हटा सकता। उन्होंने कहा, भारत महान बनने की प्रतीक्षा कर रहा है। कोई हमें भटका नहीं सकता। यह जरूरी है कि हम अपनी ताकत दुनिया को दिखाएं। उन्होंने पाकिस्तान से स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत की एकमात्र और स्थायी मांग यही है कि वह आतंकवाद को त्याग दे। उन्होंने कहा कि भारत की आवाज आज सत्तापक्ष और विपक्ष से मिलकर एकजुट होकर उठ रही है। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान में कुछ भी समझदारी बची है तो वह समझे कि भारत की मांग क्या है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में हुए आतंकी हमले (22 अप्रैल) के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था।

सिंगापुर में सीडीएस जनरल चौहान ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा- सिर्फ भारत ही नहीं, रणनीति भी बदली

सिंगापुर। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में आयोजित 22वें शांग्री-ला डायलॉग में पाकिस्तान पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि अब न केवल भारत बदला है, बल्कि उसकी रणनीति भी पूरी तरह बदल चुकी है। जनरल चौहान ने कहा, कि अगर दुश्मन की ओर से सिर्फ शत्रुता ही मिले, तो दूरी ही सबसे बेहतर रणनीति हो सकती है। यह मंच एशिया का प्रमुख रक्षा संवाद है, जहां जनरल चौहान ने भविष्य के युद्ध और युद्धकला विषय पर संबोधन दिया और डिफेंस इनोवेशन सॉल्यूशन पर विशेष सत्र में भी हिस्सा लिया।

इसी दौरान जनरल चौहान ने 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को शपथ ग्रहण में बुलाए जाने की पहल का जिक्र करते हुए कहा, तालियां बजाने के लिए दो हाथ चाहिए होते हैं। लेकिन जब बदले में सिर्फ शत्रुता मिले, तो शांति की राह पर चलना व्यर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब भारत ने आजादी पाई थी, तब पाकिस्तान हमसे हर मोर्चे पर आगे था, चाहे वो जीडीपी हो, सामाजिक विकास या प्रति व्यक्ति आय। लेकिन आज भारत इन सभी मापदंडों पर आगे निकल चुका है, और यह कोई संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है।

ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिका से बातचीतइस सम्मेलन के दौरान जनरल चौहान ने अमेरिका के इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पापारो से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर, मिलिट्री-टू-मिलिट्री सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर गहन चर्चा की। उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उभरती सुरक्षा चुनौतियों से मिलकर निपटने के संकल्प को दोहराया।

इटली की प्रिंसेस चला रही थी बाइक सिर दीवार से टकराया, अस्पताल में भर्ती

रोम। इटली की राजकुमारी मारिया कैरोलिना को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटें आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके इंस्टाग्राम पोस्ट के मुताबिक बाइक चलाते समय उनका सिर दीवार से टकरा गया। उन्होंने इस घटना के बाद खुद के जिंदा बच जाने को चमत्कार बताया है।

अपने लंबे इंस्टाग्राम पोस्ट में 21 साल की प्रिंसेज कैरोलिना ने अस्पताल से कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं जिंदा हूं। बाइक चलाते समय मेरा सिर दीवार से टकरा गया और मुझे गहन चिकित्सा इकाई में फिर से जीवित किया गया। इससे बच पाना किसी चमत्कार से कम नहीं था। उन्होंने अन्य बाइक सवारों से भी सावधानी बरतने और हेलमेट समेत पूर्ण सुरक्षात्मक उपकरण पहनने को कहा है। प्रिंसेज कैरोलिना ने जोर दिया कि यह उनका हेलमेट ही था जिसने उनकी जान बचाई।

उन्होंने कहा कि 'मैं अपना खुद का अनुभव साझा करना चाहती थी क्योंकि अब मुझे पहले से कहीं ज़्यादा एहसास हो गया है कि बाइक शक्तिशाली और रोमांचकारी होती हैं लेकिन साथ ही साथ कठोर भी होती हैं। बाइक सावधानी से चलाएं। पूरी सुरक्षा रखें, खासकर हेलमेट।

मोक्का में डैम टूटने से, अब तक 88 लाशें निकालीं कई लोग लापता

मोक्का। नाइजर और बेन्यू नदियों के तटीय इलाकों में अक्सर बाढ़ आती है। लेकिन इस बार जो हुआ, उसने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस बार नाइजीरिया के नाइजर प्रांत का मोक्का शहर इस वक्त लाशों के ढेर पर बैठा है। लगातार मूसलाधार बारिश के बाद शहर के पास बना एक बांध टूट गया। जिसके बाद यहां ऐसी बाढ़ आई कि मौत का तांडव देखने को मिला। एक दो नहीं अबतक कुल 88 डेड बॉडी निकाली जा चुकी हैं। हर नया दिन नई लाशों की संख्या के साथ आगे बढ़ रहा है। राजधानी मिन्ना से मिली जानकारी के मुताबिक बचाव अभियान अब भी जारी है। राहत और बचाव टीमों के प्रमुख हुसैनी ईसा ने बताया कि कई लोग अब भी फंसे हुए हैं। हम लगातार शव निकाल रहे हैं। संख्या बढ़ रही है।

यह बाढ़ सिर्फ पानी नहीं लाई, बल्कि उम्मीदें भी बहा ले गई। मोक्का नाइजर राज्य का एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है। अब पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। इस आपदा की शुरुआत हुई घंटों तक चली मूसलाधार बारिश से, लेकिन तबाही तब और गहरी हो गई जब शहर के पास बना एक बांध टूट गया। स्थानीय निवासियों की मानें तो पानी इतनी तेजी से फैला कि लोगों को घरों से बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। एक महिला ने रोते हुए बताया, मेरी आंखों के सामने मेरा बेटा बह गयाज मैं बस चीखती रह गई।ये पहला मौका नहीं है जब नाइजीरिया को इस तरह की त्रासदी ने जकड़ा हो। पिछले साल सितंबर में भी कुछ ऐसा ही हुआ था। उस समय 30 लोगों की जान गई थी और लाखों बेघर हो गए थे। बोको हराम जैसे आतंकी संगठनों की हिंसा ने उस मानवीय संकट को और भी भयावह बना दिया था।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रास्ता किया साफ, 5 लाख लोगों पर मंडराया निकाले जाने का खतरा

वाशिंगटन। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ट्रंप प्रशासन के लिए लाखों प्रवासियों से अस्थायी कानूनी संरक्षण छीनने का रास्ता साफ कर दिया, जिससे निर्वासन के दायरे में आने वाले लोगों की कुल संख्या लगभग 10 लाख हो गई है। इस फैसले के बाद अब ट्रंप प्रशासन बाइडेन प्रशासन की नीतियों को उलटते हुए इन प्रवासियों की कानूनी स्थिति को समाप्त कर सकता है।

कोर्ट ने फैसले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला से आए लगभग 5 लाख प्रवासियों की मानवीय पैरोल समाप्त करने की अनुमति दे दी। इस फैसले ने इन प्रवासियों के लिए निर्वासन का खतरा बढ़ा दिया है, जिससे उनकी कानूनी स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यायाधीशों ने निचली अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत चार देशों क्यूबा, ??हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के 5,00,000 से अधिक प्रवासियों के लिए मानवीय पैरोल व्यवस्था लागू रखी गई थी। अदालत ने प्रशासन को एक अन्य मामले में वेनेजुएला के करीब 3,50,000 प्रवासियों के अस्थायी दर्जे को रद्द करने की भी अनुमति दी है।

सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश एक संक्षिप्त और बिना तर्क के था, जैसा कि आपातकालीन मामलों में सामान्य होता है। इसने निचली अदालत के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें बोस्टन की संघीय जज तलवानी ने अप्रैल में ट्रंप प्रशासन को इन प्रवासियों की पैरोल को जल्दी समाप्त करने से रोक दिया था। जज तलवानी ने अपने फैसले में कहा था कि प्रशासन का पैरोल समाप्त करने का तर्क कानून की गलत व्याख्या पर आधारित था।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी अभियान के दौरान लाखों लोगों को निर्वासित करने का वादा किया था और उनके प्रशासन ने बाइडेन प्रशासन की उन नीतियों को खत्म करने की दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं, जिन्होंने प्रवासियों को कानूनी रूप से अमेरिका में रहने और काम करने की अनुमति दी थी।

ट्रंप की सीरिया से बढ़ रही दोस्ती, उधर इजरायल ने कर दी एयर स्ट्राइक, सऊदी को भी लगा झटका

तेल अवीव। इजरायल ने सीरिया के पश्चिमी हिस्सों, खासकर लताकिया और तारतूस के पास हवाई हमले किए, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई और कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा। यह हमला तब हुआ, जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडिल ईस्ट की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल शरा से मुलाकात की और सीरिया को राहत देने की बात कही थी। इसके बाद माना जा रहा था कि इजरायल और सीरिया के संबंध भी सामान्य होंगे, लेकिन इजरायल ने यह हमला करके तनाव बढ़ा दिया है।

सीरियाई सरकारी मीडिया के मुताबिक, इजरायल के युद्धक विमानों ने जाबलेह के पास जामा गांव के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उन्होंने हथियार भंडारण सुविधाओं और तटीय मिसाइलों को नष्ट किया, जो उनके लिए और अंतरराष्ट्रीय समुद्री नेविगेशन के लिए खतरा थे। साथ ही, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को भी निशाना बनाया गया। सीरियाई मानवाधिकार संगठन ने बताया कि ये हमले सैन्य ठिकानों पर केंद्रित थे, और यह लगभग एक महीने में सीरिया पर इजरायल का पहला बड़ा हमला था।

सीरिया और इजरायल 1948 से तकनीकी रूप से युद्ध की स्थिति में हैं। 1967 में इजरायल ने सीरिया से गोलान हाइट्स पर कब्जा कर लिया था और तब से वहां सैकड़ों हमले कर चुका है। इजरायल का कहना है कि ये हमले सीरिया की नई सरकार, जिसे वह जिहादी मानता है, को हथियारों की आपूर्ति रोकने के लिए हैं। इधर, मिडिल ईस्ट की सियासत में एक और बड़ा ट्विस्ट आया।

बलूचों ने पुलिसवालों को खदेड़ा, पाकिस्तान के सुराब शहर पर कर लिया कब्जा

करांची। हथियारों से लैस बलूच विद्रोहियों ने शुक्रवार को सुराब शहर पर कब्जे का दावा किया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, भारी हथियारों से लैस बलूच लड़ाकों ने सुराब के लेवीज पुलिस स्टेशन, एक बैंक और कई सरकारी इमारतों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने कहा कि उसके लड़ाकों ने सुराब शहर पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया है और स्थानीय बैंक, लेवीज स्टेशन और पुलिस स्टेशन जैसे प्रमुख ठिकानों पर कब्जा कर लिया है। बताया जा रहा है कि क्वेटा-कराची और सुराब-गिदर हाईवे पर गश्त और तात्कालिक तलाशी अभियान चल रहे हैं। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलोच ने कहा, इस पर जल्द पूरी जानकारी शेयर की जाएगी। चौंकाने वाली बात ये है कि पुलिस और सुरक्षा बलों को वहां से खदेड़ दिया गया है। न गोली चली, न प्रतिरोध दिखा, पाकिस्तान की सरकार बस देखती रह गई।

सुराब, क्वेटा और कराची को जोड़ने वाले अहम नेशनल हाइवे एन-65 पर स्थित है। यह इलाका न केवल रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि बलूचिस्तान में सरकार की रसद और प्रशासनिक सप्लाई लाइन का अहम हिस्सा है। अब जब विद्रोहियों ने सुराब का नियंत्रण अपने हाथ में लिया है, इसका मतलब है कि कराची और क्वेटा के बीच सरकार की पकड़ में सेंध लग चुकी है। सीधे शब्दों में कहें तो पाकिस्तान अब अपने ही मुल्क में अपने लोगों से हार रहा है। पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां जहां ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को चेतावनी देने में व्यस्त थीं, वहीं बलूच लड़ाके चुपचाप पाकिस्तान के अंदर शहरों पर कब्जा कर रहे हैं। सुराब पर कब्जा महज एक प्रतीकात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि इस्लामाबाद के लिए सीधा चैलेंज है कि 'अब हम सिर्फ पहाड़ों में नहीं, तुम्हारे शहरों में भी हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी ने ऑपरेशन ÷हेरोफ÷ के तहत हाल ही में 71 हमलों का दावा किया है। अब सुराब पर कब्जा उनकी नई रणनीति का हिस्सा दिख रहा है, सीधा कब्जा, खुली चेतावनी।

बढ़ता जा रहा है हेरा फेरी 3ज् का विवाद

अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की फिल्म च्हेरा फेरी 3ज् को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। परेश रावल के प्रोजेक्ट से बाहर होने के बाद फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने उन पर 25 करोड़ रुपये का मुकदमा दायर किया है, जिसे अक्षय कुमार की कंपनी ने भी समर्थन दिया है। इसके बाद यह खबरें आईं कि फिरोज नाडियाडवाला के पास ही फिल्म के अधिकार हैं और उन्होंने इसे अक्षय कुमार को नहीं दिया। हालांकि, निर्देशक प्रियदर्शन ने इस बात का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार ने फिरोज नाडियाडवाला से पूरी च्हेरा फेरीज् फ्रैंचाइजी के अधिकार 10 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। प्रियदर्शन ने यह भी कहा कि उन्होंने कागजात देखे हैं, जो इस बात की पुष्टि करते हैं। परेश रावल की टीम ने कहा है कि उन्होंने 15 प्रतिशत ब्याज सहित 11 लाख रुपये की साइनिंग राशि वापस कर दी है और वे प्रोजेक्ट से बाहर हो चुके हैं। विवाद बढ़ता जा रहा है और अब यह देखना बाकी है कि च्हेरा फेरी 3ज् की रिलीज़ पर इसका क्या असर पड़ेगा।

रीम शेख ने खरीदी बीएमडब्ल्यू

टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस रीम शेख ने हाल ही में खुद को एक खास तोहफा दिया है। रीम ने अपनी नई लग्जरी कार बीएमढब्ल्यू एक्स1 खरीदी है, जिसकी कीमत भारत में 50 लाख रुपए से भी ज्यादा है। यह एक शानदार एसयूवी है जिसे रीम ने अपनी दोस्त और च्तुझसे है राब्ताज् की को-एक्ट्रेस सेहबान अजीम के साथ मुंबई में खरीदारी के दौरान चुना। च्तुझसे है राब्ताज् शो भले ही 2021 में खत्म हो गया हो, लेकिन रीम और सेहबान का रिश्ता आज भी मजबूत है। रीम की दोस्त जन्नत जुबैर ने उनकी नई कार के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, बचपन की हंसी से लेकर बड़े सपनों तक, मेरी गर्ल ने खुद को बीएमडब्ल्यू गिफ्ट की है। गर्व होता है! और भी जीत, और भी गाड़ियां, और भी सपने पूरे हों। मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। रीम शेख, जो अभी 22 वर्ष की हैं, टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में की थी और च्तुझसे है राब्ताज् में कल्याणी का रोल निभाकर लोकप्रियता हासिल की।

दोस्त की शादी में स्पेन पहुंची आलिया

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी एक्टिंग के साथ-साथ फैशन सेंस के लिए भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने ग्लैमरस लुक से सबका दिल जीतने वाली आलिया अब अपनी बेस्ट फ्रेंड तान्या साहा गुप्ता की शादी में स्पेन पहुंची हैं। इस शादी के मौके पर आलिया के कई स्टाइलिश लुक्स सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। आलिया की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें वह अपनी दोस्त के साथ पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में आलिया ने व्हाइट टॉप के साथ मैचिंग ब्लेजर और क्रीम कलर की प्लीटेड स्कर्ट पहनी है। उन्होंने अपने लुक को नेकलेस और ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है, जो उन्हें बेहद स्टाइलिश दिखा रहा है। वहीं, एक वीडियो में आलिया शादी के जोड़े और ब्राइड्समेड्स के साथ जश्न मनाते हुए डांस करती नजर आ रही हैं, जो उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। इसके अलावा, उनका एक और लुक भी सामने आया है जिसमें वह ब्लू कलर की बोहो ड्रेस में बेहद कूल और ट्रेडीशनल लग रही हैं।

हेलारो हिंदी भाषा में किया उपलब्ध

क्षेत्रीय सिनेमा को देशभर में पहुंचाने के मिशन पर काम करने वाली शेमारूमी ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गुजराती फिल्म हेलारो को अब हिंदी भाषा में भी अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा दिया है। यह कदम फिल्म की पहुंच और प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए अहम माना जा रहा है। हेलारो महिलाओं की हिम्मत, आजादी और बदलाव की कहानी कहती है और गुजराती सिनेमा के इतिहास में यह पहली फिल्म है जिसे सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसके अलावा, फिल्म की 13 मुख्य अभिनेत्रियों को स्पेशल जूरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो भारतीय सिनेमा में एक खास मुकाम है। फिल्म की कहानी गुजरात के कच्छ क्षेत्र के एक गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां महिलाएं पुरानी परंपराओं और सामाजिक पाबंदियों में जकड़ी हैं। एक रहस्यमय ढोलकिया की मौजूदगी उनके जीवन में बदलाव लाती है और उनके अंदर छिपी आवाज़ को जगाती है, जिससे एक शक्तिशाली आंदोलन जन्म लेता है। निर्देशक अभिषेक शाह की इस फिल्म में श्रद्धा डांगर, कौशांबी भट्ट, नीलम पांचाल सहित कई कलाकारों ने दमदार अभिनय किया है।

मानसून की भविष्यवाणी से किसानों के चेहरे में खुशी

मौसम विभाग ने इस बार सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। जून से लेकर सितंबर के बीच में देश के सभी राज्यों में औसत से ज्यादा बारिश होने की बात कही गई है। मौसम विभाग की इस भविष्यवाणी से सबसे ज्यादा प्रसन्न किसान है।उसे लग रहा है, रवी और खरीफ की दोनों फैसले अच्छी होगी। भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। जिस तरह के हालात बने हुए हैं।उसमें सही बारिश होने के कारण किसानों के साथ-साथ देश की आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी। सरकार भी प्रसन्न है। खेती के कारण विकास दर बनी रहेगी,

डिप्रेशन बढ़ाता है डिमेंशिया का खतरा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। एक अध्ययन के अनुसार, डिप्रेशन होने से दिमाग की बीमारी डिमेंशिया होने का खतरा बढ़ जाता है। यह खतरा मध्य उम्र के साथ-साथ 50 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों में भी देखा गया है। डिमेंशिया एक गंभीर बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की याददाश्त, सोचने और समझने की क्षमता कमजोर हो जाती है। दुनियाभर में 5.7 करोड़ से ज़्यादा लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। फिलहाल इसका कोई पक्का इलाज नहीं है, इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम उन कारणों को समय रहते पहचानें और ठीक करें, जो डिमेंशिया का खतरा बढ़ा सकते हैं। इस अध्ययन में पाया गया है कि डिप्रेशन और डिमेंशिया के बीच संबंध बहुत जटिल है। इसमें देर तक सूजन होना, दिमाग के कुछ हिस्सों का सही से काम न करना, रक्त नलिकाओं में बदलाव, दिमाग में कुछ जरूरी प्रोटीन या फैक्टर का बदल जाना, न्यूरोट्रांसमीटर नाम के रसायनों का असंतुलन होना आदि शामिल हैं। इसके अलावा, जेनेटिक और हमारे रोजमर्रा के व्यवहार भी डिप्रेशन और डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। जर्नल ईक्लिनिकलमेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन बताता है कि हमें जिंदगी के हर दौर में डिप्रेशन को पहचानना और उसका इलाज करना बहुत जरूरी है। हमें इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ब्रिटेन के नॉटिंघम विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और स्कूल ऑफ मेडिसिन के जैकब ब्रेन ने कहा, सरकार और स्वास्थ्य विभाग को दिमाग की सेहत पर विशेष ध्यान देना चाहिए, खासकर बीमारियों को होने से रोकने पर। इसके लिए जरूरी है कि लोग अच्छा और सही मानसिक स्वास्थ्य इलाज आसानी से पा सकें। पहले के कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों को डिप्रेशन होता है, उनमें बाद में डिमेंशिया होने की संभावना ज्यादा होती है। लेकिन अभी भी यह बात साफ नहीं है कि डिप्रेशन किस उम्र में सबसे ज्यादा खतरा बढ़ाता है। कुछ लोग कहते हैं कि अगर डिप्रेशन मिडिल एज यानी 40-50 साल की उम्र में शुरू होता है, तो ज्यादा असर होता है, जबकि कुछ का मानना है कि डिप्रेशन अगर बुढ़ापे में यानी 60 साल या उससे ऊपर में होता है, तो भी खतरा बढ़ता है। यह नया शोध अब तक के सारे पुराने शोधों को एक साथ लेकर आया है और इसमें नई जांच भी की गई है, ताकि यह साफ तरीके से पता लगाया जा सके कि डिप्रेशन कब सबसे ज्यादा खतरा बढ़ाता है। ब्रेन ने कहा, हमारे शोध से यह संभावना सामने आई है कि बुढापे में डिप्रेशन होना सिर्फ एक समस्या नहीं, बल्कि यह डिमेंशिया की शुरुआत का पहला संकेत भी हो सकता है। इसे जानना बहुत जरूरी है ताकि हम सही समय पर इलाज और बचाव कर सकें।



यह खतरा मध्य उम्र के साथ-साथ 50 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों में भी देखा गया है।

साइटिका हो या पथरी
भुजंगासन से पाएं आराम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। जब बात शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने की हो, तो योग और आयुर्वेद का नाम सबसे पहले आता है। सदियों पुरानी इन भारतीय विधाओं ने न केवल हमारी जीवनशैली को बेहतर बनाया है, बल्कि बीमारियों से लड़ने की ताकत भी दी है। योग में शरीर को मजबूत और लचीला बनाए रखने के लिए योगासनों का अहम स्थान है। इन्हीं योगासनों में एक है- भुजंगासन, जिसे अंग्रेज़ी में 'कोबरा पोज' कहा जाता है। इस आसन में धड़ का पोज फन फैलाए हुए सांप की तरह होता है, और यही इसकी खास पहचान है। भुजंगासन कोई साधारण योगासन नहीं है, यह पैरों की उंगलियों से लेकर सिर तक शरीर के हर हिस्से पर असर डालता है। चलिए आपको बताते हैं कि नियमित रूप से भुजंगासन करने के फायदे- योग विशेषज्ञों के अनुसार, भुजंगासन पीठ की मांसपेशियों को मजबूत और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है और शरीर में लचीलापन बढ़ता है। भुजंगासन किडनी की पथरी की समस्या के इलाज में फायदेमंद माना जाता है। इसका नियमित रूप से अभ्यास करने से किडनी पर जोर पड़ता है, जिससे किडनी में मौजूद विषाक्त पदार्थ निकलने लगते हैं और इसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है। यह छाती, कंधों और पेट की मांसपेशियों को फैलाता है, जिससे शरीर में खिंचाव आता है और ताकत बढ़ती है। इसे करने से श्वसन तंत्र मजबूत होता है। इसके अलावा यह मानसिक तनाव और थकान को दूर करने में भी सहायक होता है। नियमित अभ्यास से मन शांत रहता है और शरीर में फुर्ती बनी रहती है। भुजंगासन साइटिका की समस्या को कम करता है और अस्थमा के लक्षणों को भी घटाता है। यह प्रजनन प्रणाली को मजबूत करता है और महिलाओं में अनियमित मासिक धर्म की समस्या को ठीक करने में मदद करता है। भुजंगासन करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे चेहरे पर चमक आती है और त्वचा निखरती है। यह आसन आसान है और रोजाना करने से शरीर में ऊर्जा और ताजगी बनी रहती है। चलिए अब आपको बताते हैं

सदियों पुरानी इन भारतीय विधाओं ने न केवल हमारी जीवनशैली को बेहतर बनाया है, बल्कि बीमारियों से लड़ने की ताकत भी दी है

भुजंगासन करने का सही तरीका- भुजंगासन करने के लिए सबसे पहले पेट के बल सीधा लेट जाएं और पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब अपने दोनों हाथों को धीरे-धीरे छाती के पास लाएं और हथेलियों को जमीन पर टिका दें। इसके बाद गहरी सांस लेते हुए अपनी नाभि के हिस्से को ऊपर उठाएं और सिर को पीछे की ओर ले जाते हुए ऊपर छत या आसमान की तरफ देखें। इस स्थिति में आपकी पीठ धीरे-धीरे ऊपर की (एक्सटेंशन पोजीशन में) ओर मुड़ेगी। इस मुद्रा में कुछ देर तक बने रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें। यह स्थिति रीढ़ की हड्डी और पेट की मांसपेशियों के लिए लाभकारी होती है। फिर धीरे-धीरे वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं और कुछ समय के लिए शरीर को ढीला छोड़ दें।

परेश रावल

मुंबई (वार्ता)। अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को दीवाना बनाने वाले परेश रावल आज 70 वर्ष के हो गए।

परेश रावल का जन्म 30 मई, 1955 को मुंबई में एक गुजराती ब्राह्मण परिवार में हुआ था। परेश के पिता का नाम 'द्रयालाल रावल' था। परेश ने स्कूल की पढ़ाई 'महाराष्ट्र एसएससी बोर्ड' से पूरी की। इसके बाद उन्होंने स्नातक की डिग्री प्राप्त की। परेश रावल को बचपन से ही अभिनय में रुचि थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें थियेटर ग्रुप ज्वाइन कर लिया और नाटकों में हिस्सा लेने लगे। परेश राावल ने एक बार बताया था कि उनके घर परिवार में पॉकिट मनी का कोई कॉन्सेप्ट नहीं था। ऐसे में गुजारे के लिए परेश बैंक में नौकरी करने लगे।

परेश ने बताया था कि उन्हें डेढ़ महीने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में नौकरी मिली थी लेकिन उन्होंने तीन दिन के बाद ही नौकरी छोड़ दी थी। ऐसे में उनके लिए सर्वाइव करना मुश्किल हो रहा था। तब उनकी मदद उनकी गलफ्रेंड संपत स्वरूप करती थी। स्वरूप संपत परेश को पैसे दिया करती थी। स्वरूप संपत अभिनेत्री भी रह चुकी है। उन्होंने मिस इंडिया का खिताब भी जीता था। परेश रावल और स्वरूप संपत ने वर्ष 1987 में शादी रचा ली थी। परेश रावल ने वर्ष1984 में प्रदर्शित फिल्म'होली'में काम किया।अभिनेता आमिर ख़ान ने इसी फिल्म से अभिनेता के रूप में अपने सिने कैरियर की

लिए वह राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। वर्ष 1994 में प्रदर्शित फिल्म'सरदार'परेश रावल कैरियर की महत्वपूर्ण फिल्मो में एक है। केतन मेहता निर्मित इस फिल्म में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को रुपहले पर्दे पर जीवंत कर दिया। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय से उन्होंने न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना ली।

वर्ष1998 में प्रदर्शित फिल्म'तमन्ना'परेश रावल की महत्वपूर्ण फिल्म में शुमार की जाती है। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म'हेराफेरी'परेश रावल की सर्वाधिक सफल फिल्मों में से एक है। प्रियदर्शन निर्देशित इस फिल्म में उन्होंने'बाबू राव गणपत राव आप्टे'नामक मकान मालिक का किरदार निभाया। इस फिल्म में परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की तिकड़ी के कारनामों ने दर्शको को हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया। फिल्म की सफलता को देखते हुए 2006 में इसका सीक्वल'फिर हेराफेरी'बनाया गया।'हेराफेरी'की सफलता के बाद परेश रावल को ऐसा महसूस हुआ कि खलनायक की बजाय हास्य अभिनेता के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में उनका भविष्य अधिक सुरक्षित रहेगा।

परेश ने इसके बाद अधिकतर फिल्मों में हास्य अभिनेता की भूमिकाएं निभानी शुरु कर दी।

दैनिक पंचांग

1 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	मिथुन	06.13 बजे से
चंद्र	कर्क में	कर्क	08.27 बजे से
मंगल	कर्क में	सिंह	10.43 बजे से
बुध	वृष में	कन्या	12.55 बजे से
गुरु	मिथुन में	तुला	15.05 बजे से
शुक्र	मीन में	वृश्चिक	17.20 ब.से
शनि	मीन में	धनु	19.36 बजे से
राहु	मीन में	मकर	21.41 बजे से
केतु	कन्या में	कुंभ	23.28 बजे से
राहुकाल		मीन	01.01 बजे से
4.30 से 6.00		मेष	02.31 बजे से
बजे तक		वृष	04.11 बजे से

रविवार 2025 वर्ष का 152 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2082
शक संवत् 1946
मास ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
तिथि षष्ठी 20.00 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 21.37 बजे को समाप्त।
योग ध्रुव 09.11 बजे को समाप्त।
करण कौलव 08.01 बजे तदनन्तर तैतिल 20.00 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 04.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 22° 04'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872362
जूलियन दिन 2460827.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना जिल्हेज **तारीख** 04
विशेष स्कंद षष्ठी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
उद्वेग	05.56	से	07.23 बजे तक	शुभ	05.36	से	07.09 बजे तक
चर	07.23	से	08.51 बजे तक	अमृत	07.09	से	08.41 बजे तक
लाभ	08.51	से	10.18 बजे तक	चर	08.41	से	10.14 बजे तक
अमृत	10.18	से	11.46 बजे तक	रोग	10.14	से	11.46 बजे तक
काल	11.46	से	01.14 बजे तक	काल	11.46	से	01.19 बजे तक
शुभ	01.14	से	02.41 बजे तक	लाभ	01.19	से	02.51 बजे तक
रोग	02.41	से	04.09 बजे तक	उद्वेग	02.51	से	04.24 बजे तक
उद्वेग	04.09	से	05.36 बजे तक	शुभ	04.24	से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

महिलाओं के लिए फायदेमंद किशमिश

नई दिल्ली (आईएएनएस)। किशमिश देखने में भले ही छोटी हो, मगर बेहद फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर में खून की कमी दूर करने में मदद करती है, बल्कि पोषक तत्वों का खजाना है और महिलाओं के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। हेल्थ एक्सपर्ट किशमिश को सुपर फूड बताते हैं, जो सेहत को अनगिनत फायदे देती है। विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना सुबह खाली पेट किशमिश खाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि खून की कमी भी दूर हो सकती है। अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन वेबसाइट में प्रकाशित एक शोध लेख के अनुसार, किशमिश में फाइबर और खास तत्व होते हैं, जो शरीर को फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें हेल्दी स्नैक माना जाता है। शोध भी बताते हैं कि किशमिश खाना सेहत के लिए अच्छा है। आयुर्वेदाचार्य प्रमोद तिवारी बताते हैं, किशमिश पोषक तत्वों का खजाना है, जिसमें आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, विटामिन बी के साथ एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं। किशमिश में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो पाचन तंत्र के लिए भी काफी अच्छा होता है। खाली पेट किशमिश खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है और पेट साफ होता है। रात भर भिगोई गई किशमिश सुबह खाने से पाचन एंजाइम्स सक्रिय होते हैं, जिससे भोजन का पाचन आसान हो जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, किशमिश आयरन का एक बेहतरीन स्रोत है, जो शरीर में खून की कमी (एनीमिया) को दूर करने में मदद करती है। यह महिलाओं के लिए खास तौर पर फायदेमंद होती है। मासिक धर्म के दौरान आयरन की कमी या अन्य समस्याओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए भी किशमिश का सेवन लाभकारी होता है।

सुभाष घई 'अल्टीमेट शोमैन' : टाइगर

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ ने निर्माता,निर्देशक सुभाष घई का धन्यवाद किया है, जिन्हें वह 'अल्टीमेट शोमैन' कहते हैं। टाइगर ने कहा कि अंकल सुभाष घई की वजह से ही उनके पापा, जैकी श्रॉफ रातोंरात सुपरस्टार बने थे। सुभाष ने 1983 में आई रोमांटिक एक्शन फिल्म 'हीरो' का एक पोस्टर शेयर किया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और मीनाक्षी शेषाद्रि ने काम किया था। इस फिल्म को हिंदी सिनेमा में 42 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर घई ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, एक नए हीरो के साथ बड़ी फिल्म बनाना बहुत हिम्मत वाला काम होता है, खासकर तब जब आपको पूरी आजादी मिलती है कि आप फिल्म को क्रिएटिव तरीके से ब्लॉकबस्टर बना सकें। हमारी फिल्म 'हीरो' तो 75 हफ्ते तक चली थी और इसका म्यूजिक आज भी लोगों के दिलों में बसता है। यह सब 43 साल बाद भी सच है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, धन्यवाद मेरी टीम, मेरे एक्टर्स, डिस्ट्रीब्यूटर और फाइनेंसर, जिन्होंने मेरा साथ दिया और 1982 में मुक्ता आर्ट्स को स्थापित करने में मदद की। 'हीरो' के बाद मुक्ता आर्ट्स ने कई सितारों को तैयार किया, जो आज लीजेंड बन चुके हैं और अब तक हमारे बैनर तले 42 फिल्में बन चुकी हैं। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं। टाइगर श्रॉफ ने भी इस फिल्म का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किया और निर्देशक सुभाष घई को धन्यवाद दिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 1980/न.पा.नि./ राजस्व/2025-26 रीवा, दिनांक 30/05/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक 6 विवेकानन्द नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 1/251 सी कुल क्षेत्रफल 1506.40 वर्गफिट श्री संतोष कुमार तिवारी पिता स्व0 श्री शम्भू प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम जलदर तहसील गुढ जिला रीवा (म0प्र0) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री विष्णु प्रताप सिंह पिता श्री रामखेलावन सिंह निवासी ग्राम कुठिला तहसील त्योथर जिला रीवा (म0प्र0) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 21. 04.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड क्रमांक 1/251सी के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री संतोष कुमार तिवारी पिता स्व0 श्री शम्भू प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम जलदर तहसील गुढ जिला रीवा (म0प्र0) के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक 1/251सी का नामान्तरण श्री विष्णु प्रताप सिंह पिता श्री रामखेलावन सिंह निवासी ग्राम कुठिला तहसील त्योथर जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

अमिताभ बच्चन ने नई प्रॉपर्टी खरीदी
बनवा सकते हैं खास स्मारक

मुंबईबॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन न सिर्फ फिल्मों में बल्कि प्रॉपर्टी इन्वेस्टमेंट के मामले में भी काफी सक्रिय हैं। हाल ही में उन्होंने अयोध्या में एक और बड़ी प्रॉपर्टी खरीदी है जिसकी कीमत 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह नई संपत्ति करीब 25 हजार स्क्वायर फीट में फैली है। दिलचस्प बात यह है कि यह अयोध्या में बिग बी की पहली खरीद नहीं है। इससे पहले भी वह यहां कई बार निवेश कर चुके हैं।बिग बी ने 2024 में अयोध्या में 10 हजार स्क्वायर फीट का प्लॉट खरीदा था, जिसकी कीमत करीब 14.5 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा मार्च 2025 में आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि उन्होंने राम मंदिर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर 54,454 स्क्वायर फीट की एक और जमीन ली है। माना जा रहा है कि इस जमीन पर वह अपने पिता हरिवंश राय बच्चन के साहित्यिक योगदान और जीवन पर आधारित एक स्मारक बनवाने की योजना बना रहे हैं।

सूचना

मैं सौरभ गुप्ता आत्मज श्री गोविन्द गुप्ता (श्री गोविन्द प्रसाद गुप्ता)निवासी गोविन्द किराना स्टोर विश्वविद्यालय रोड रीवा म.प्र. सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के शैक्षणिक अभिलेख में मेरे पिता का नाम श्री गोविन्द गुप्ता दर्ज है जबकि अन्य रिकॉर्ड यथा आधार कार्ड,पेन कार्ड आदि में पिता का नाम श्री गोविन्द प्रसाद गुप्ता दर्ज है। श्री गोविन्द गुप्ता एवं श्री गोविन्द प्रसाद गुप्ता ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं जो मेरे पिता हैं।

सौरभ गुप्ता
गोविन्द किराना स्टोर
विश्वविद्यालय रोड
रीवा (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 1978/न.पा.नि./राजस्थ/2024-25 रीवा, दिनांक 30/05/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यवसायिक योजना व्यंकट बाजार रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है. में स्थित दुकान क्रमांक 112 क्षेत्रफल 7.37 वर्गमीटर श्री शिवेन्द्र सिंह पटेल पिता श्री रामनाथ सिंह पटेल को किराया पर आवंटित है. इनकी मृत्यु पश्चात, इस दुकान का नामान्तरण श्रीमती चन्द्रकली सिंह पति स्व0 श्री शिवेन्द्र सिंह निवासी म.नं. 13/31 मानस नगर बरा, हुजूर रीवा मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 14.10.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान क्रमांक 112 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदिका के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 112 का नामान्तरण श्रीमती चन्द्रकली सिंह पति स्व0 श्री शिवेन्द्र सिंह निवासी म.नं. 13/31 मानस नगर बरा, हुजूर रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच निर्णायक मुकाबला आज

आईपीएल 2025 : आज निर्धारित होगा कौन भिड़ेगा आरसीबी के साथ फायनल में

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आज रविवार, 1 जून को जोरदार मुकाबला होने वाला है। पंजाब किंग्स, जो पहली बार आईपीएल का खिताब जीतने की कोशिश कर रही है, को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली करारी हार से झटका लगा था, जिससे टीम का आत्मविश्वास जरूर प्रभावित हुआ होगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब के लिए यह मुकाबला किसी सेमीफाइनल से कम नहीं होगा, क्योंकि टीम को मुंबई इंडियंस जैसी अनुभवी टीम से टक्कर देनी है।

गेंदबाजी विभाग में प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर होने से टीम को अतिरिक्त दबाव झेलना पड़ रहा है, खासकर तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर जिम्मेदारी बढ़ गई है। मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति पंजाब की गेंदबाजी को कमजोर कर चुकी है, और अब बल्लेबाजों को बढ़िया प्रदर्शन कर इस कमी की भरपाई करनी होगी। पिछले मैच में पंजाब का बल्लेबाजी विभाग खासा प्रभावित नजर आया था, इसलिए टीम प्रबंधन इस बार पूरी सतर्कता से रणनीति बनाएगा।

मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर मैच में मजबूत दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर अपने छठे खिताब की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। इस जीत से मुंबई के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। मुंबई की टीम में नॉकआउट मुकाबलों का अच्छा अनुभव है, जो ऐसे दबाव वाले मैचों में काम आता है। कोच माहेला जयवर्धने ने टीम को अच्छी तरह से संगठित किया है और उन्होंने पिछले सीजन में मुंबई को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस की टीम में रोहित शर्मा ने हाल ही में शानदार बल्लेबाजी की है और वह अपनी लय में लौट आए हैं, जो पंजाब के गेंदबाजों के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी भी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां बड़े स्कोर बनना आम है। इस वजह से मैच का परिणाम काफी हद तक गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराया, चर्चा में क्यों आ गया ये खिलाड़ी

नई दिल्ली। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गद्दाफी स्टेडियम में हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मेजबान पाकिस्तान ने मेहमान टीम को 57 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मुकाबले में पाकिस्तान ने बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन किया, वहीं बांग्लादेश की ओर से एक निचले क्रम के बल्लेबाज तंजीम हसन साकिब ने ऐतिहासिक पारी खेली, जो मैच की सबसे बड़ी चर्चा का विषय बनी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उनकी शुरुआत बेहद आक्रामक रही।

अपने प्रदर्शन से संतुष्ट साई सुदर्शन, अभी बल्लेबाजी को और बेहतर करना

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस का आईपीएल 2025 में सफर एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली हार के बाद समाप्त हो गया। गुजरात के लिए भले ही हार निराशाजनक रही हो, लेकिन ओपनर बल्लेबाज साई सुदर्शन ने फिर अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने 49 गेंदों में 80 रनों की बेतरीन पारी खेली, इसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। हालांकि, टीम 228 रनों के लक्ष्य के जवाब में केवल 208 रन ही बना सकी।

सुदर्शन ने मौजूद आईपीएल सीजन में शानदार प्रदर्शन कर 759 रनों के साथ ऑरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं।

लिवरपूल ने मेडिकल पूरा होने पर डच खिलाड़ी फ्रिम्पोंग से किया अनुबंध

लिवरपूल। लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 साल के राइट-विंग-बैक ने ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। फ्रिम्पोंग ने कहा कि यह काफी आसान रहा। लिवरपूल ने दिलचस्पी जाहिर की थी और यह मेरे लिए बड़े अवसर की तरह था। विंग-बैक ने कहा कि मेरे लिए यह ऐसा था कि आप लोग किसी भी तरह, बस इसे पूरा करें।

आईपीएल 2025 : टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन

नई दिल्ली। आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालीफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। । इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी।

मुंबई-गुजरात मैच में बुमराह ने किया कमाल, एक गेंद से हारी हुई बाजी पलटी

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर खिलाब की तरफ कदम बढ़ाया है। मैच में रोहित शर्मा के 81 रनों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट पर 228 रन का स्कोर बनाया। मैच हाथ से निकलता जा रहा था लेकिन जसप्रीत बुमराह की एक बॉल ने पासा पलट दिया। बी साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर की जोड़ी टूटी और गुरजात 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मैच हार गई। बुमराह ने गुजरात की उम्मीदों पर पानी फेरा दिया जिससे वह आईपीएल से बाहर हो गई।

आईपीएल एलिमिनेटर में गुजरात और मुंबई के बीच कांटे की टक्कर हुई। मैच में पहले तो रोहित शर्मा ने जमकर बल्लेबाजी की और फिर जब टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी तो बुमराह ने अपना गेंद से कमाल कर दिखाया। 229 रन का लक्ष्य भी गुजरात के लिए छोटा लगने लगा था जब साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर की जोड़ी मैदान पर रनों की बरसा कर रही थी। मैच हाथ से निकलता देख कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने अचूक हथियार बुमराह को गेंद थमाई। साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर ने 44 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी कर मुंबई पर दबाव बना दिया और मैच फिनिश की तैयारी कर रहे थे। बुमराह गेंदबाजी करने आए तो 39 गेंदों में 78 रन की जरूरत थी और 8 विकेट हाथ में थे। उन्होंने एक शानदार यॉर्कर डाली जिसने वाशिंगटन के स्टंप उड़ गए। मुंबई ने उस मौके का फायदा उठाकर 20 रनों से मैच जीत लिया। गुजरात के लिए साईं सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर की जोड़ी बड़े आराम से लक्ष्य पूरा करने बढ़ रही थी लेकिन इस जोड़ी के टूटते ही सबकुछ बदल गया। 24 बॉल पर 48 रन बनाकर खेल रहे सुंदर को बुमराह ने यॉर्कर पर बोल्ड किया और इसके बाद मैच गुजरात के हाथ से निकल गया। रिचर्ड ग्लेसन की बॉल को स्कूप करने से चूके और 80 रन पर बोल्ड होकर वापस लौट गए। 20 ओवर में गुजरात 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मैच गवां कर आईपीएल से बाहर हो गई।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच किस टीम का देगी साथ

बल्लेबाजी और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने 21-21 मैच जीते



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का अब समापन होने जा रहा है और अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम इसका गवाह बनेगा। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस ने क्वालीफायर-2 में प्रवेश कर लिया है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब को हराकर सीधे फाइनल में जगह बना ली है। अब 1 जून को क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला होगा और जो टीम यह मुकाबला जीतेगी, वह 3 जून को फाइनल में आरसीबी से खिताबी मुकाबल करेगी।अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अब तक आईपीएल के 42 मैच खेले गए हैं, जिनमें से पहले बल्लेबाजी और लक्ष्य का पीछा करते हुए टीमों ने समान 21-21 मैच जीते हैं। हालांकि आईपीएल 2025 में ट्रेंड में बदलाव दिखा। इस सीजन में यहां खेले गए 7 मुकाबलों में से 6 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है, जबकि केवल एक बार लक्ष्य का पीछा कर टीम को जीत मिली है। पिच का मिजाज इस सीजन में बल्लेबाजों के हिसाब का रहा है, खासकर शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को सीम मूवमेंट तो मिला, लेकिन बल्लेबाजों ने स्ट्रोक खेलने में ज्यादा सहजता दिखाई।

बाउंड्री पर बुमराह से बर्दाश्त नहीं हुआ जयवर्धने का ज्ञान, कोच को फिर यूं समझाया ; वीडियो वायरल

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-2 में एंट्री कर ली है। एमआई ने एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को 20 रनों हरा दिया है। यह हाई-स्कोरिंग मुकाबला रहा। मुंबई ने 5 विकेट खोकर 228 रन का स्कोर बनाया और गुजरात ने 6 विकेट गंवाकर 220 रन ही बना सकी। एक समय गुजरात की मैच पर पकड़ थी लेकिन मुंबई के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह संकटमोचक बन गए। उन्होंने मुंबई को वॉशिंगटन सुंदर का विकेट दिलाकर गुजरात से मैच में छीन लिया। हालांकि, मैच के दौरान बाउंड्री पर बुमराह से हेड कोच महेला जयवर्धने का ज्ञान बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने फिर अपने अंदाज में कोच को समझाया कि टेंशन मत लीजिए, जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

टीम के हेड कोच जयवर्धने ने 13वें ओवर में बुमराह को कुछ निर्देश देने की कोशिश की। बुमराह उस वक्त बाउंड्री के नजदीक फील्डिंग कर रहे थे। कोच ने जो बात कही, बुमराह उससे सहमत नहीं हुए। उन्होंने इशारों में कोच को जो समझाया, उसे कमेंटेटर जतिन सप्रू ने अपने शब्दों में बयां किया। कमेंटेटर ने कहा कि बुमराह कह रहे हैं कि मैं अपना काम बहुत अच्छी तरह जानता हूं। मैं हूं ना, थोड़ा शांत रहिए। मौका दीजिए तो सही। वहीं, बुमराह जब 14वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए तो उन्होंने यॉर्कर पर सुंदर को बोल्ड कर दिया और मुंबई को राहत दी। सुंदर ने 24 गेंदों में 5 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 48 रनों की पारी खेली। उन्होंने साई सुदर्शन 49 गेंदों में 80 के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की।

बुमराह ने एलिमिनेटर मैच में किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवरों के स्पेल में महज 27 रन देकर एक बहुत ही खास विकेट चटकाया। सुदर्शन 16वें ओवर में रिचर्ड ग्लीसन का शिकार बने। वह स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हुए। गुजरात ने 16वें ओवर तक मैच अपनी पाले में रखा लेकिन सुदर्शन के विकेट के बाद मुंबई ने मैच पर अपना शिकंजा कस लिया।

क्या पांड्या की अजेय रणनीति मुंबई को दिला पाएंगी फायनलकी टिकिट

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। रविवार, 1 जून को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच क्वालीफायर-2 मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब की टीम पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हारकर यहां पहुंची है, जबकि मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर इस मुकाबले में जगह बनाई है। यह मैच दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा होगा, क्योंकि जीतने वाली टीम 3 जून को फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी।

इस मुकाबले में जहां दोनों टीमों की रणनीति और फॉर्म पर सबकी निगाहें होंगी, वहीं हार्दिक पांड्या का एक खास रिकॉर्ड मुकाबले की दिशा तय कर सकता है। बतौर कप्तान हार्दिक पांड्या ने आईपीएल में अभी तक एक बार भी ऐसा नहीं होने दिया कि उनकी टीम 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाकर मैच हार जाए। पांड्या ने 8 में से 8 बार 200+ स्कोर को सफलतापूर्वक डिफेंड किया है यह रिकॉर्ड न केवल उनकी कप्तानी की ताकत को दर्शाता है, बल्कि मुंबई इंडियंस के लिए भी जीत की एक ठोस राह बन सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में पांड्या अकेले नहीं हैं। रोहित शर्मा और डेविड वॉर्नर ने भी 10 और 8 बार 200+ स्कोर को डिफेंड कर जीत दर्ज की है, लेकिन पांड्या का खास कारनामा यह है कि उनके नाम हार का कोई निशान नहीं है। ऐसे में पंजाब किंग्स के लिए रणनीति स्पष्ट है या तो वे पहले बैटिंग कर बड़ा स्कोर खड़ा करें, या अगर उन्हें पहले गेंदबाजी करनी पड़ी तो मुंबई को 200 से नीचे रोकना होगा। दूसरी ओर, मुंबई की पूरी कोशिश होगी कि वह पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का आंकड़ा पार करे, जिससे पांड्या का यह अजेय रिकॉर्ड एक बार फिर उनके लिए जीत की गारंटी बने। आंकड़े भले ही उसके पक्ष में न हों, लेकिन मुंबई इंडियंस जैसी टीम इतिहास को बदलने का माद्दा रखती है। अब देखना यह होगा कि क्या इस बार टीम अपने पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर फाइनल में जगह बना पाएगी या एक बार फिर क्वालीफायर 2 उसके लिए दीवार बनकर खड़ी होगी।

आईपीएल की दीवानगी, दूल्हे ने शादी में रख दी शर्त, नहीं मनाऊंगा सुहागरात

नई दिल्ली। आईपीएल का खुमार क्रिकेट फैन के सिर चढ़कर बोल रहा है। पिछले 17 सीजन से एक ट्रॉफी जीतने के लिए तरस रही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू ने इस सीजन में शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में पहुंच गई है। आरसीबी के फैंस को इस बार खिताब जीतने की पूरी उम्मीद है। विराट कोहली के चाहने वाले आईपीएल ट्रॉफी उठाते उनका देखना चाहते हैं। एक फैन तो इस हद तक दीवाना है कि उसने अपनी शादी के दिन शर्त रख दी कि वह सुहागरात तब मनाएगा जब टीम जीत जाएगी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

आईपीएल में भले ही रॉयल चैलेंजर्स की टीम अब तक खिताब नहीं जीत सकी हो लेकिन इसकी फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। हर सीजन जीत की उम्मीद लेकर उतरने के बाद निराशा मिलने के बाद भी फैंस इस टीम के साथ मजबूती से खड़े हैं। आरसीबी को चोकर्स की टीम भी कहा जाता है लेकिन फैंस पर इसका असर नहीं पड़ता। एक युवक की शादी का जो वीडियो सामने आया है वो पुराना बताया जा रहा है। इस सीजन में आरसीबी की टीम ने बेहद शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई है, लेकिन जब वीडियो पोस्ट किया गया था तब लीग स्टेज के मुकाबले चल रहे थे और किसी को नहीं पता था कौन सी टीम फाइनल में पहुंचेगी। आरसीबी का फैन शादी के दिन इस बात की शर्त रखता है वो तब सुहागरात मनाएगा जब उसकी टीम ट्रॉफी जीत जाएगी।

पावरप्ले में तीन कैच छोड़ने के बाद जीतना आसान नहीं होता- शुभमन गिल

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हार के साथ ही गुजरात टाइटंस का सफर खत्म हो गया है। हार से निराश कप्तान शुभमन गिल अपना दर्द नहीं छिपा पाए। उन्होंने हार पर कहा कि पावरप्ले में तीन कैच छोड़ने के बाद जीतना आसान नहीं होता। गुजरात ने तीन में से दो कैच रोहित के छोड़े। रोहित ने इसका फायदा उठाते हुए 81 रन बनाए।मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर मुकाबले में रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंद में 47 की पारियों के दम पर 5 विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में साई सुदर्शन के 80 रन के बावजूद गुजरात टाइटंस 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी और हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हार के बाद शुभमन गिल ने कहा कि आखिरी तीन-चार ओवर हमारे पक्ष में नहीं गए लेकिन यह अच्छा मैच था। हमसे कुछ गलतियां हुई। तीन कैच छोड़ने के बाद जीतना आसान नहीं होता, खासकर पावरप्ले में।

गुजरात की फील्डिंग बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच छोड़े। इनमें से दो रोहित शर्मा के और एक सूर्यकुमार यादव का। रोहित को पावरप्ले में दो जीवनदान मिले। पहले गेराल्ड कोएत्जी ने बाउंड्री के पास उनका कैच छोड़ा फिर विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे कैच छोड़ा। शुभमन ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए हमारा संदेश साफ था कि अपने हिसाब से खेलो।

एलिमिनेटर मैच में गुजरात के छक्के छुड़ाने के साथ रोहित ने पांच नए रिकॉर्ड अपने नाम किए

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन कर 50 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 81 रन ठोक दिए। इस तूफानी पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने 228/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया, इसके जवाब में गुजरात टाइटंस सिर्फ 208 रनों तक ही सीमित रह सके।

इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने क्वालीफायर-2 में अपनी जगह बना ली। रोहित को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेऑफ मैच का प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रोहित ने इस मैच में पांच नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। सबसे पहले, उन्होंने आईपीएल प्लेऑफ में 80 या उससे अधिक रन बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का कारनामा किया। उन्होंने 38 साल और 30 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे माइकल हसी का रिकॉर्ड टूट गया था, जिन्होंने 2013 में 37 साल और 359 दिन की उम्र में क्वालीफायर-1 में 86 रन बनाए थे। दूसरे, रोहित अब आईपीएल में कुल 271 मैचों में 302 छक्के जड़ चुके हैं। वे आईपीएल में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। कुल मिलाकर वे इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जहां वेस्टइंडीज के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 142 मैचों में 357 छक्के जड़े हैं। तीसरे, उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए प्लेऑफ में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। इसके पहले यह रिकॉर्ड सूर्यकुमार यादव के नाम था, जिन्होंने 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-1 में नाबाद 71 रन बनाए थे।चौथा रोहित को आईपीएल प्लेऑफ में प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने है। इस मामले में सबसे ऊपर पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले हैं, जो 38 साल और 219 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द मैच बने थे।

गुजरात की हार पर टूटा नेहरा के बच्चों का दिल, रोते हुए गिल की बहन ने हौसला दिया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के दौरान शानदार खेल दिखाते हुए आखिर तक टॉप पर रहने वाली गुजरात टाइटंस का सफर खत्म हो गया है। एलिमिनेटर में टीम मुंबई इंडियंस से हार गई। दिल तोड़ने वाली हार के बाद टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टीम के कोच आशीष नेहरा के बच्चे मैच के बाद फूट फूट कर रोते दिखाई दिए। वहीं कप्तान शुभमन गिल की बहन भी निराश दिखी और कोच के बच्चों के संभाला।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुजरात को एलिमिनेटर में 20 रन से हारकर आईपीएल 2025 से विदा होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी कर रोहित शर्मा की धुंआधार 81 रन की पारी की बदौलत टीम ने 5 विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में कड़ी टक्कर देने के बाद भी टीम 6 विकेट पर 208 रन बना सकी। हार के बाद खिलाड़ियों के परिवार वाले काफी दुखी दिखाई दिए। इसमें मुख्य कोच आशीष नेहरा के बेटे और कप्तान शुभमन गिल की बहन शाहनील भी शामिल थीं। मैच के बाद सभी टीम की हार से दुखी होकर रोते हुए नजर आए। जब मैच खत्म हुआ तब कोच नेहरा के बच्चे बुरी तरह से मायूस नजर आए। बेटा रोता हुआ आगे स्टेट तक गया, जबकि बेटी अपनी जगह पर बैठी रही। इस बीच गिल की बहन का रिएक्शन वायरल हो रहा है। उन्होंने नेहरा की बेटी के पास जाकर संभाला। शहनील गिल अपना जगह से उठकर नेहरा की बेटी के पास गई और उसे सामने घुटने पर बैठी फिर उन्हें गले लगाकर हौसला दिया।

महिला बन ओलंपिक में जीता गोल्ड, वर्ल्ड बॉक्सिंग ने लगाया बैन

अब 18 साल से ज्यादा उम्र के एथलीट को जेनेटिक टेस्ट से गुजरना होगा

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 अल्जीरिया की बॉक्सर इमाने खलीफ की वजह से हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने महिला कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया था जबकि वह पुरुष वाली ताकत रखते थे। ऐसा उनसे लड़ने वाली मुक्केबाज ने दावा किया था।

बता दें इमाने खलीफ के जेंडर को लेकर विवाद हुआ था क्योंकि वह पुरुष हुआ करते थे और अपना जेंडर चेंज करवाया था। अब मुक्केबाजी संघ ने इस मामले में बड़ा फैसला लेते हुए जेंडर टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है। इस फैसले की वजह से अब उन पर बैन लग जाएगा जब तक वह टेस्ट को क्लीयर नहीं करते। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने घोषणा की है कि वह अपने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले पुरुष और महिला एथलीट भाग लेने के योग्य है या नहीं इसको तय करने के लिए जेंडर टेस्ट कराना होगा। अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने यह नीति तब लागू करने का फैसला लिया है जब पिछले साल पेरिस ओलंपिक में अल्जीरिया की महिला वेल्टरवेट स्वर्ण पदक विजेता इमाने खलीफ को लेकर विवाद हुआ था। जिसे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा अस्थायी मान्यता दी गई है। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि उसने अल्जीरियाई बॉक्सिंग महासंघ को सूचित कर दिया है कि अगर इमाने खलीफ नीदरलैंड्स में 5-10 जून से होने वाले आइंडहोवन बॉक्स कप में भाग लेना चाहती हैं तो उन्हें जेंडर टेस्ट देना होगा। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि इस नीति को लागू करने की योजना और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले कुछ मुक्केबाजों की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अल्जीरियाई बॉक्सिंग महासंघ को सूचित किया है कि इमाने खलीफ को आइंडहोवन बॉक्स कप या किसी भी वर्ल्ड बॉक्सिंग इवेंट में महिला कैटेगरी में भाग लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी जब तक कि वह जेंडर टेस्ट नहीं देतीं।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर टीआरएस कालेज में जन-जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रीवा (कीर्तिप्रभा) . विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में जन-जागरूकता के लिए शपथ एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग तथा प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के कुशल नेतृत्व, समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वय आई.क्यू.ए.सी. तथा चेतना फ्लैगशिप योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा आमजन में तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति सामाजिक चेतना का विकास करना एवं तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में एक ठोस पहल करना रहा।

कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा सभी उपस्थितजनों को तंबाकू विरोधी शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद महाविद्यालय में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षमताओं को नष्ट करता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने जीवन में नकारात्मक आदतों से दूरी बनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सकारात्मक सोच को अपनाएँ। शिक्षा ही तंबाकू उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है। समाज कार्य विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति पर सामाजिक दृष्टिकोण से प्रकाश डाला तथा युवाओं से च्व्तंबाकू मुक्त भारतज्ज् अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। विशिष्ट वक्ता प्रेमलाल बुनकर ने अपने संबोधन में बताया कि तंबाकू सेवन से न केवल कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप जैसे रोग उत्पन्न होते हैं, बल्कि यह मानसिक तनाव, पारिवारिक विघटन और आर्थिक क्षरण का कारण भी बनता है। उन्होंने नशा मुक्ति की दिशा में सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रयासों की जानकारी भी दी। विवेक शुक्ला, निखिल रावत, अमन पाण्डेय, दिनेश कुमार प्रजापति, सुरभी गुप्ता, आरती चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किया। अन्य वक्ताओं ने युवाओं को आत्मनिरीक्षण कर जीवनशैली सुधारने एवं समाज में तंबाकू विरोधी वातावरण बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल संयोजन में अर्पिता शुक्ला, रेशू त्रिपाठी, रूपाली शुक्ला, सूरज मिश्रा, गौरव सोंधिया, आलोक शुक्ला आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

महिला सम्मेलन की तैयारियाँ तत्काल शुरू करें - कलेक्टर

रीवा (कीर्तिप्रभा) मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 4 जून को रीवा जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल गंगेव स्टेडियम का भ्रमण करके दौरे के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी 4 जून को गंगेव आएंगे। महिला स्वसहायता समूह के सम्मेलन में शामिल होने के साथ मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। महिला सम्मेलन की तैयारियाँ तत्काल शुरू कर दें। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साउंड सिस्टम और प्रकाश व्यवस्था तथा दौरे से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्राची चौबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर मऊगंज ने जन शिक्षक को किया निलंबित

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जन शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ जगन्नाथ साकेत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। जन शिक्षक श्री साकेत द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम के मंच पर अमर्यादित आचरण करने तथा नृत्य करने वाली महिला पर पैसे फेकते हुए अभद्र तरीके से नृत्य करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी एसडीएम हनुमना से जाँच कराये जाने पर वीडियो प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। जिसके कारण यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में श्री साकेत का मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र हनुमना रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

स्टापडैम का निरीक्षण करने के मऊगंज कलेक्टर के निर्देश

रीवा (कीर्तिप्रभा). आगामी वर्षा ऋतु में संभावित जल भराव से डैम ओवरफ्लो अथवा बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों से बचाव हेतु जिले अन्तर्गत स्थित समस्त स्टाप डैमों का सतत निरीक्षण कर उन्हें समयबद्ध रूप से वर्षा प्रारंभ होने के पूर्व खोले जाने की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन द्वारा दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक स्टाप डैम की तकनीकी स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य शीघ्र पूर्ण करें तथा समस्त स्टाप डैम 10 जून तक अनिवार्य रूप से खोले जांय। उन्होंने आपसी समन्वय से समस्त कार्यवाही संपादित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जल जीवन मिशन के कार्यों का संयुक्त सचिव ने किया स्थल निरीक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) भारत सरकार की संयुक्त सचिव फरीदा एम नायक ने जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने इंटेकबेल तथा डब्ल्यूटीपी का भ्रमण कर प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली।

जल जीवन मिशन अन्तर्गत रीवा बाणसागर एवं टमस समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों के निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने आवश्यक निर्देश देते हुए कार्य को गति देने की बात कही। उन्होंने जल शोधन संयंत्र, पाइपलाइन क्लोरीनेशन टैंक, कैमिकल फिल्टरेशन सेक्शन, स्टोर तथा सप्लाई लाइन का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उन्होंने व्हीडब्ल्यूएससी की बैठक में एसटी के महिलाओं से चर्चा की। इस दौरान जल निगम के महाप्रबंधक चित्रांशु, प्रबंधक नीतेश सिंह, प्रबंधक जन सहभागिता डॉ. नंद किशोर पचौरी तथा एफक्यूसीटीपीआई के टीएल व डीडीएल उपस्थित रहे।

क्रमांक-348-1786-एसपी शुक्ल-फोटो क्रमांक 11 से 13 संलग्न है।

किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें - उप संचालक कृषि

रीवा (कीर्तिप्रभा) . जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत- एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति की बैठक 3 जून को

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास समिति की बैठक आगामी 3 जून को कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में शाम 4 बजे से आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों को जनपद पंचायत अन्तर्गत जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मद से ग्राम पंचायतों में स्वीकृत व पूर्ण कार्यों की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

अभिलेख न देने पर होगी एफआईआर दर्ज

रीवा (कीर्तिप्रभा). जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने विभाग के दो निलंबित कर्मचारियों विकास कुमार तिवारी सहायक ग्रेड तीन और शिव प्रसाद पटेल सहायक वर्ग तीन को शासकीय अभिलेख तीन दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला संयोजक ने कहा है कि निलंबित कर्मचारियों द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का तय समय सीमा में उत्तर नहीं दिया गया है तथा महत्वपूर्ण विभागीय अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। दोनों निलंबित कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रभार निर्दिष्ट कर्मचारियों को सौंपते हुए समस्त रिकार्ड उपलब्ध कराएं। अभिलेख न देने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की

आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक 2 जून को

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्ट्रेट सभागार में 2 जून को आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। बैठक साप्ताहिक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

स्वसहायता समूह से जुड़कर स्वाबलंबी बनीं मंजूषा पाण्डेय

रीवा (कीर्तिप्रभा) महेनत और लगन से किया गये कार्य के सार्थक परिणाम सामने आते हैं। किटवरिया ग्राम की रहने वाली मंजूषा पाण्डेय एक साधारण ग्रामीण महिला थी जिसके परिवार में पति व बच्चों का भरण पोषण बमुश्किल होता था।

लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती में आयोजित हुई संगोष्ठी

अहिल्याबाई का जीवन राजनीति, जनसेवा और धर्मसेवा का अद्भुत संगम था - डॉ द्विवेदी

रीवा (कीर्तिप्रभा) कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े समाजसेवी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आशुतोष द्विवेदी ने लोक माता के जन्म से लेकर उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ द्विवेदी ने कहा रानी अहिल्याबाई का जीवन राजनीति, जनसेवा और धर्मसेवा का अनूठा संगम था। उन्होंने अत्यंत ही साधारण परिवार में जन्म लेकर होल्कर राजवंश की बहू बनकर होल्कर साम्राज्य को संभाला। उनकी राजनैतिक कुशलता, शासन प्रबंध, न्यायप्रियता और सनातन धर्म के प्रति आस्था ने उन्हें सामान्य शासिका से लोकमाता बनाया। जीवन में विभिन्न कठिनाईयों का सामना करते हुए उन्होंने मालवा में लंबे समय तक सफलतापूर्वक शासन करते हुए अपार लोकप्रियता और लोकमाता की पद्वी पाई। उनका संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय और आध्यात्म के लिए समर्पित रहा। लोकमाता का जीवन उनके जन्म के तीन सौ वर्ष बाद भी आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादाई है जितना की उस समय था। अहिल्याबाई का जीवन सही अर्थों में महिला सशक्तिकरण का अनुपम और अनुकरणीय उदाहरण है।

कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने संगोष्ठी के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए रानी अहिल्याबाई के जीवन और महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने संगोष्ठी में महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीमा शर्मा ने लोकमाता के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुकेश एंगल ने किया। कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहिद परवेज, प्रदीप गौतम सुमन, एनजीओ से अंजुम बेनजीर, रिएक्ट संस्था से नीलू तिवारी, रुचि द्विवेदी, स्पोर्ट्स एसोसिएशन से उमा सोंधिया, जन अभियान परिषद से अमित अवस्थी, गौ सेवा केंद्र से कुसुम सिंह, शिक्षाविद सुनीता पाण्डेय, स्मिता साहू, बीपी सिंह, प्रियंका परते, राधा गौतम, संध्या त्रिपाठी प्रभा शुक्ला, श्लेषा शुक्ला उपस्थित रहीं।

जल गंगा संवर्धन अभियान में निरंतर हो रहे जल संरक्षण के कार्य

रीवा (कीर्तिप्रभा) . जल गंगा संवर्धन अभियान रीवा और मऊगंज जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुराने जल स्रोतों की साफ-सफाई और सुधार के साथ-साथ नई जल संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में जल गंगा कलश यात्रा निकालकर लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में मऊगंज जिले के देवतालाब में जन अभियान परिषद और महिला स्वसहायता समूहों द्वारा जल कलश यात्रा और रैली निकाली गई।

इसी तरह सेमरिया में ग्राम पंचायत मझगवां में भी जन अभियान परिषद तथा पंचायत पदाधिकारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। अभियान के तहत औद्योगिक विकास केन्द्र चोरहटा में शंकर दाल मिल द्वारा गंदे पानी को साफ करने का प्लान स्थापित किया गया है। औद्योगिक इकाई में उपयोग के बाद निकले गंदे पानी को साफ करके नाले में छोड़ा जाता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई द्वारा नलजल योजनाओं का निरीक्षण करके पाइपलाइनों में सुधार का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में कार्यपालन यंत्री ने रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के ग्राम सतगढ़ में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में भाग लिया तथा नलजल योजना के संचालन एवं संधारण का जायजा लिया। अभियान के तहत जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत कोटवा खास में दो खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

समीक्षा बैठक संपन्न

रीवा (कीर्तिप्रभा) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह द्वारा जनपद पंचायत मऊगंज में जल गंगा अभियान अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के सचिव,ग्राम रोजगार सहायक की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, नरेगा लेवर नियोजन के दौरान कर्यो में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा में आवास योजना के सर्वे, जियो टैग, आवास पूर्णता एवं मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय सीमा में कराए जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये । समग्र सीडिग एवं जिनकी ईकेवायसी अभी तक नही हुई है अभियान चलाकर समग्र सीडिंग एवं ईकेवासी कराए जाने के निर्देश सचिव/ग्राम रोजगार सहायक को दिए गए ।समीक्षा बैंठक की सूचना उपरांत अनुपस्थित सचिव श्रीमती गीता पटेल ग्राम पंचायत करहिया, विजय सिंह ग्राम पंचायत पकरा, जायलाल पटेल ग्राम पंचायत डिघवार 391, रामभजन साकेत ग्राम पंचायत डगदौया 2, सौखीलाल सोधिया ग्राम पंचायत मिसिरगांव को निलंबित करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत पंचायत ने दिये। समीक्षा बैंठक योजनाओं में न्यूनतम प्रगति होने के कारण सचिव श्यामसुन्दर पटेल ग्राम पंचायत उमरी, रामजनम पाण्डेय ग्राम पंचायत पनिगवा, संतोष पटेल ग्राम पंचायत नौढ़िया, दिग्विजय सिंह ग्राम पंचायत लौरकला को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

मऊगंज में मनाई गई लोकमता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती

रानी अहिल्याबाई का जीवन महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है - विधायक

रीवा (कीर्तिप्रभा) प्रदेश के साथ-साथ मऊगंज जिले में भी लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती मनाई गई। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने जन्म जयंती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि लोकमाता रानी अहिल्याबाई मालवा ही नहीं पूरे भारत की श्रेष्ठ शासिका थीं। उन्होंने जन कल्याण को आदर्श मानकर होल्कर साम्राज्य के राजकाज का संचालन किया। उनका जीवन धर्म की सेवा, न्यायप्रियता और लोक मंगल के कार्यों से आदर्श जीवन बना। रानी अहिल्याबाई ने देश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर धर्मशालाओं का निर्माण कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर सहित देश के 250 से अधिक मंदिरों का उन्होंने जीर्णोद्धार कराया। राजकाज करते हुए भी उनके हाथों में सदैव पवित्र शिवलिंग विराजमान रहते थे। रानी अहिल्याबाई ने सदियों पहले महिला सशक्तिकरण का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पूरे प्रदेश में मना रही है। इसके माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को भी रानी अहिल्याबाई के जीवन को जानने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने भी अहिल्याबाई के जीवन और कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लघु नाटिका के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई की जीवनगाथा को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार मऊगंज, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा आमजन उपस्थित रहे।

थाना रायपुर कर्चुलियान के 55 लावारिस वाहनों की होगी नीलामी

वाहनों के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 12 जून तक होंगी दर्ज

रीवा (कीर्तिप्रभा) थाना रायपुर कर्चुलियान में 55 लावारिस दो पहिया वाहन थाना परिसर में रखे हुए हैं। सभी वाहन रात्रिकालीन गश्त और चेकिंग के दौरान लावारिस रूप में पकड़े गए हैं। इस संबंध में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान पीएस त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस एक्ट के प्रावधानों के तहत वाहनों को राजसात करके नीलामी की कार्यवाही की जा रही है। इन वाहनों के मालिक वैध दस्तावेजों के साथ अथवा अन्य कोई व्यक्ति नीलामी के संबंध में 12 जून तक दावे-आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद वाहनों की नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित शर्तों का पालन करने वाले बोलीदार नीलामी में भाग ले सकेंगे।

थाना रायपुर कर्चुलियान में बजाज सीटी 100 एमपी 04 एनएस 8649, हीरो होण्डा स्पलेंडर एमपी 17 एमक्यू 7679, बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमएच 3350, होण्डा साइन ग्रे कलर, टीव्हीएस विक्रांत एमपी 19 एमपी 5446 की नीलामी होगी। नीलामी में हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एमसी 6962, सुजुकी हयाते लाल कलर, यामाहा एमपी 17 एमएम 1735, हीरो होण्डा ग्लैमर एमपी 65 एम 0174, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमजे 1311, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमपी 19 ई 0266, हीरो होण्डा सीडी डॉन एमपी 17 एचजी 4589, हीरो स्पलेण्डर एमपी 17 एमपी 6213, एक्टिवा एमपी 17 एसए 0163 वाहन शामिल हैं। इसी तरह हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 17 एमयू 3963, हीरो पैशन प्रो एमपी 17 एमजे 2143, हीरो होण्डा स्पलेण्डर ब्लैक सिल्वर, टीव्हीएस स्टार पर्पल कलर, टीव्हीएस स्पोर्ट्स सफेद लाल रंग, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स एमपी 17 एमजेड 2369, एक्टिवा ग्रे कलर, हीरो स्पलेण्डर एमपी 17 एमसी 2187, बजाज डिस्कवर, हीरो होण्डा सीडी डॉन की नीलामी होगी।

नीलामी में हीरो स्पलेण्डर प्लस, टीव्हीएस स्पोर्ट्स एमपी 66 एमए 5784, टीव्हीएस स्टार, बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमएच 9638, होण्डा स्टनर एमएच 46 आर 1065, टीव्हीएस स्पोर्ट, हीरो होण्डा पैशन, बजाज प्लेटिना एमपी 18 एमसी 1664, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमएच 03 जी 9174 वाहन शामिल हैं। इसी तरह हीरो होण्डा स्पलेंडर रेड कलर, हीरो होण्डा स्पलेण्डर एमपी 03 यू 3701, होण्डा साइन एमपी 19 एमई 6007, कावासाकी बाक्सर एमपी 17 एचबी 7042, हीरो होण्डा एमपी 17 एचडी 5349, कावासाकी, हीरो होण्डा पैशन एमपी 17 एचसी 8444, यामाहा फ्लेम, कावासाकी बाक्सर एमपी 17 एच 1272 वाहनों की नीलामी होगी। बजाज डिस्कवर एमपी 17 एमडी 3138, हीरो होण्डा पैशन प्रो जीजे 05 एफआर 4368, हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस एमपी 20 केके 5246, टीव्हीएस स्टार स्पोर्ट्स एमपी 17 एमएफ 2707, बजाज डिस्कवर एमपी 19 एमजी 2651 वाहनों की भी नीलामी की जाएगी। बजाज प्लेटिना एमपी 04 डीएम 8163, हीरो सीडी डीलक्स एमपी 17 एचडी 6753, हीरो पैशन एमपी 17 एमई 6038, हीरो होण्डा सीडी डीलक्स एमपी 54 एम 1579, टीव्हीएस ब्लैक कलर, बाक्सर एमपी 17 एफ 9856, हीरो स्पलेण्डर प्लस एमपी 17 एचडी 7045 तथा हीरो स्पलेण्डर एमपी 19 एमडी 5867 वाहन भी नीलामी में शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।